# महाकुंभ 2025 : पीएमआईएस पोर्टल को लेकर मेला अधिकारी ने किया वर्कशॉप का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**इसी पीएमआईएस पोर्टल (अत्याधुनिक प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग इनफारमेशन सिस्टम) को सीएम डैशबोर्ड से जोड़ा जाएगा जिसके पश्चात मुख्यमंत्री कुंभ के कार्यों की सभी समीक्षाएं इस पर उपलब्ध डाटा के आधार पर करेंगे**



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों में समयबद्धता एवं उच्च कोटि की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अत्या आधुनिक प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग इनफॉरमेशन सिस्टम (पी एम आई एस) के माध्यम से अनुश्रवण कराने के दृष्टिगत आज सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को उसकी पूरी कार्यप्रणाली समझाने तथा पोर्टल पर डाटा कैसे अपलोड किया जाता है इसका डेमो देने के लिए मेला अधिकारी, कुंभ मेला, श्री विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें सभी परियोजनाओं की दैनिक, भौतिक एवं आर्थिक प्रगति रिपोर्ट पीएमआईएस पोर्टल पर कैसे अपडेट करना है उसके बारे में बिंदुवार चर्चा की गई।

पीएमआईएस पोर्टल के विभिन्न आयामों पर चर्चा करते हुए मेला अधिकारी ने सभी विभागों को अभी तक अनुमोदित हुई परियोजनाओं का डाटा 15 अक्टूबर तक पोर्टल पर अपडेट करने, सभी विभागीय चीफ इंजीनियर्स को इस कार्य हेतु एक नोडल नामित करते हुए कुछ टेक्नोलॉजी की जानकारी रखने वाले इंजीनियर्स चिन्हित कर अपनी टीम में शामिल करने तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा पीएमआईएस पोर्टल पर अपडेटेड इनफॉरमेशन के माध्यम से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी को सचेत करते हुए यह भी बताया की शीघ्र ही पीएमआईएस पोर्टल को सीएम डैशबोर्ड से जोड़ा जाएगा जिसके पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी कुंभ के कार्यों की सभी समीक्षाएं इस पर उपलब्ध डाटा के आधार पर करेंगे। इसके अतिरिक्त मेला अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी कार्यों की जीआईएस मैपिंग एवं जियो टैगिंग कराते हुए विभागीय तथा थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा किए गए निरीक्षण की फोटोस भी पीएमआईएस पोर्टल पर अपडेट कराई जाएंगी। साथ ही पोर्टल पर एक्टिविटी एवं विभाग वार चार्ट भी अपडेट कराए जाएंगे। वर्कशॉप के पश्चात उन्होंने कई विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की जिसमें उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा कराए जा रहे कार्यों में पोल्स के सुंदरीकरण, यूटिलिटी शिफ्टिंग को बेहतर तकनीक से कराने जिससे कि ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के समय राइट ऑफ वे (अधिकृत रास्ता) में कोई प्रभाव ना पड़े, इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही यूटिलिटी शिफ्टिंग के दौरान पोल्स की मफिंग और ग्राउटिंग (जो पोल्स लगाने की प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा है) को बेहतर करने को कहा ताकि पोल्स की रस्टिंग की संभावना खत्म की जाए। जल निगम द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने ट्रेंचिंग एवं लेने पाइप को लगाने में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा सीवरेज के कार्यों के पश्चात रोड रेस्टोरेशन शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिये। साथ ही थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी को जिन प्लांट से भी रॉ मटेरियल आ रहा है वहां पर औचक निरीक्षण करते हुए रॉ मटेरियल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एयरपोर्ट रोड एवं गेस्ट हाउस डिजाइन संबंधित जानकारी ली तथा विभागीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम एवं सर्विस लेवल बेंचमार्क सुनिश्चित करने को कहा।

## अप्रेंटिसशिप जाब मेले का आयोजन शनिवार को

**नैनी।** नैनी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज के प्रधानाचार्य एस.के. श्रीवास्तव के अनुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज में 30 सितंबर 2023 को प्रातः 10:30 से 3:30 तक अप्रेंटिसशिप जाब मेले का आयोजन होना सुनिश्चित किया गया है, जिसमें कई कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं । लार्सन एंड टुब्रो गुजरात जिसमें निम्नांकित व्यवसायों के प्रशिक्षितो की आवश्यकता है जैसे कि- फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक, टर्नर वेल्डर कूल एंड ए इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक मोटर मैकेनिक डीजल मैकेनिक पेंटर जनरल कारपेंटर प्लंबर मशीनिस्ट आदि आईटीआई एवं डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल इलेक्ट्रॉनिक केमिकल पास के लिए अप्रेंटिस एवं जाब हेतु पद खाली है। नोट 1 सभी अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्र व छाया प्रति ले आना अनिवार्य है। 2 आईटीआई पास अभ्यर्थियों का एन ए पी एस पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। 3 समस्त अभ्यर्थी अपना बायोडाटा प्रमुख रूप से लाएंगे।

## मेडिकल कोर्स प्रवेश की 11सीटें खाली रखने का आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**कोर्ट ने सरकार से पूछा-सामान्य से कम मेरिट वाले आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को कैसे दिया प्रवेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार व नीट परीक्षा लेने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से पूछा है कि जब निजी मेडिकल कॉलेजों में आरक्षण लागू नहीं है तो एमबीबीएस/बीडीएस कोर्स में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों से कम अंक पाने वाले आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रवेश कैसे दे दिया गया। कोर्ट ने प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं डायरेक्टर से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है और 11 सीट खाली रखने का निर्देश दिया है। याचिका की अगली सुनवाई 4 अक्टूबर को होगी।यह आदेश जस्टिस एमसी त्रिपाठी तथा जस्टिस प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने तनु कुमारी व 10 अन्य की याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता निपुण सिंह,अपर महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी व सीएससी बिपिन बिहारी पांडेय , अर्यक मिश्र व एएसजीआई शशि प्रकाश सिंह ने बहस किया। याचियों का कहना है कि वे नीट परीक्षा 2023 में बैठे। लेकिन काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया गया। उन्हें माप अप काउंसिलिंग में भी बैठने नहीं दिया गया।ऑनलाइन आवेदन भरते समय ही अयोग्य करार दे दिया गया।हाईकोर्ट ने प्रवेश गाइड लाइन के बारे में पूछा, तो बताया गया राजकीय मेडिकल कॉलेजों में केवल प्रदेश के निवासी को ही आरक्षण नियमों के तहत प्रवेश की अनुमति है। जिन्होंने 10वीं और 12वीं उत्तर प्रदेश से उत्तीर्ण किया हो। प्रदेश के बाहरी छात्र केवल निजी मेडिकल कालेजों में ही प्रवेश ले सकते हैं। किंतु उनमें आरक्षण लागू नहीं है। याचीगण दूसरे प्रदेशों के अभ्यर्थी हैं। ओबीसी, एनसीएल व एससी वर्ग के दूसरे प्रदेशों के अभ्यर्थी हैं। पिछले सत्र में प्रदेश के बाहरी छात्रों को प्रवेश दिया गया था। इस वर्ष नहीं दिया जा रहा है।

## नवसृजित विकास खण्ड भगवतपुर, श्रृंगवेरपुर व सहसों के आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 05 करोड़ की धनराशि स्वीकृति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निदेर्शों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद प्रयागराज के नवसृजित विकास खण्ड भतवतपुर के आवासीय भवनों के निर्माण हेतु रू 227.515 लाख, विकास खण्ड श्रृंगवेरपुर के आवासीय भवनों के निर्माण हेतु रू 169.311 लाख और विकास खण्ड सहसो के आवासीय भवनों के निर्माण हेतु रू 103.174 लाख, कुल रु 500.00 लाख की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेशउत्तर प्रदेश शासन,ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

## दो भतीजियों को जिंदा फूंक डालने वाले ताऊ को उम्रकैद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद जिला न्यायालय ने दो मासूम बच्चियों को जिंदा फूंक देने वाले ताऊ को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उस पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। इसे न चुकाने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दिल दहला देने वाली यह वारदात होलागढ़ के सराय मदन उर्फ चांटी अहिरान में हुई थी, जिसमें उसने भतीजे को भी आग में झोंक दिया था, लेकिन उसे बचा लिया गया। इसी भतीजे की गवाही से यह सजा संभव हो सकी।अपर सत्र न्यायाधीश डॉ लक्ष्मीकांत राठौर की कोर्ट ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। होलागढ़ थाना क्षेत्र में रूह कंपाने वाली यह वारदात सात अप्रैल 2018 को पृथ्वीपाल यादव के घर हुई। बरामदे में सो रही मासूम ऋतु (6), नीतू उर्फ महक (3) और रितेश (8) को इनके ताऊ अमरनाथ यादव ने मिट्टी का तेल डाल कर जला दिया था। इसमें ऋतु और नीतू की एसआरएन अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी, जबकि रितेश को बचा लिया गया था।ताऊ ने भोर में इस घटना को उस वक्त अंजाम दिया, जब मासूमों के माता पिता फसल काटने गए हुए थे। शौच के लिए जा रहे गांव के ही श्याम लाल ने अमरनाथ को मासूम बच्चों पर मिट्टी का तेल छिड़कते हुए देखा। इसके पहले कि श्याम लाल शोर मचाते हुए कोई मदद कर पाता, अमरनाथ बच्चों को आग के हवाले कर चुका था।

चीख पुकार सुन कर लोग जुटे तो ताऊ खुद कुएं में कूद गया । हृदय विदारक घटना की खबर पर घर पहुंचे पृथ्वीपाल यादव ने बड़े भाई अमरनाथ ले खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। पांच साल चले विचारण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अखिलेश सिंह विशेन ने अभियोजन की ओर से सात गवाहों को पेश किया। इसमें मासूम रितेश भी था।जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि रितेश ने रोते हुए गवाही दर्ज कराई थी। उसकी हालत देख कर कोर्ट में मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई थीं। अदालत ने दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर ताऊ को दो मासूम बच्चियों की हत्या और भतीजे रितेश को गंभीर रूप से जलाने का दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 15 हजार का अर्थदंड भी लगाया।

**हो सकती थी फांसी की सजा :** घर में सो रहे मासूम भतीजे-भतीजियों पर तेल छिड़क कर जिंदा जला डालने वाले ताऊ ने आखिर ऐसा क्यों किया, अभियोजन पक्ष यह सिद्ध नहीं कर सका। यह सिद्ध हो सकता तो अदालत उसे फांसी की सजा भी सुना सकती थी। मगर, इतनी निर्मम हत्या के पीछे के कारणों को घटना से जोड़ा नहीं जा सका। नतीजा यह हुआ कि यह आपराधिक कृत्य अपवाद (विरलों में से विरलतम) नहीं माना गया और अदालत ने उम्र कैद की सजा सुना दी।



## सिद्धिविनायक गणपति को 56 भोग का भोग लगा

**नैनी।** नैनी शंकरढाल खुराना मार्केट में गणपति महोत्सव में सिद्धिविनायक गणपति को 56 भोग का भोग लगाया गया भगवान गणेश की पूजा अर्चना किया लोगों को प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान भरी संख्या में भक्तजनों ने गणपति बप्पा मोरया का जयकारा लगाए इस अवसर पर समाजसेवी राजेश साहू ने लोगों में प्रसाद वितरित किया गया कमेटी के लोग । समाजसेवी राजेश साहू , पप्पू कालिया सब्जी मंडी, अशोक केसरवानी पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल,धर्मराज पटेल, गुड्डू गुडविल गैरेज, सनी गुप्ता, विजय केसरवानी,आकाश गुप्ता, विकास गुप्ता, शेखर गुप्ता, महावीर, विनोद केसरवानी, छोटू केसरवानी, रितेश गुप्ता अभय गुप्ता,भक्तगण मौजूद थे।

## नैनी जेल में बंद प्रेमी की एसआरएन में मौत

**मांडा में प्रेमिका की हत्या में एक दिन पहले ही पुलिस ने किया था गिरफ्तार**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के मांडा थाना क्षेत्र के मेहाजगीर देवा गांव में महिला की हत्या के आरोप में गिरफ्तार प्रेमी नीरज की भी गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसे जब बुधवार शाम को जेल परिसर में लाया गया तभी उसकी तबियत खराब थी। वो अपने में नहीं था। उसको वोमिट हो रहा था। पेट और बदन दर्द की शिकायत कर रहा था। उल्टा सीधा बक रहा था। यही कारण रहा कि उसे बैरक में न डालकर तुरंत डॉक्टर से दिखलवाया गया था।डॉक्टर ने उसकी हालत खराब देखकर जेल के अस्पताल में भर्ती कर लिया था। उसकी सुबह तबियत ज्यादा खराब होने पर 9 बजे स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती करा दिया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे 10:30 बजे मृत घोषित कर दिया।

### अपने कमरे में मृत मिली थीं पुष्प देवी

16 सितंबर को मेहाजगीर देवा गांव निवासिनी पुष्पा देवी अपने कमरे में मृत पाई गई थीं। शरीर पर चोट के निशान थे। मृतका के भाई ने इलाकाई पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। मृतका के मोबाइल सीडीआर से पुलिस को चौकाने वाले तथ्य मिले। आरोपी प्रेमी को पुलिस ने पकड़ कर कर्रा किया तो उसने बताया कि मृतिका पुष्पा देवी से उसका काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा। घटना वाली रात आरोपी नीरज महिला से मिलने उसके घर आया था। इस दौरान महिला उसे ब्लैकमेल करने लगी और दुष्कर्म में फंसा कर जेल भेजने की धमकी देने लगी। आक्रोश में आकर प्रेमी नीरज ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी ने बताया कि महिला का संबंध उसके साथ काफी दिनों से था। कुछ महीने पहले महिला अपने पति के साथ जयपुर गई थी। इस दौरान आरोपी नीरज भी उसके साथ था। जब महिला वापस मेहाजगीर देवा गांव आई तब आरोपी भी गांव चला आया। इस बीच अक्सर वह महिला से मिलने उसके घर जाया करता था। घटना वाली रात महिला उसे ब्लैकमेल करने लगी। जिसके चलते उसने घटना को अंजाम दिया। विवेचना अधिकारी इंस्पेक्टर सुभाष सिंह यादव का कहना है कि नीरज को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। उसके मोबाइल में आपत्तिजनक वीडियो भी मिले थे। उसने प्रेमिका की हत्या का जुर्म भी कुबूल कर लिया था। उसे बुधवार की शाम को नैनी सेंट्रल जेल भेज दिया गया था। अचानक उसे क्या हुआ। कैसे उसकी तबीयत खराब हुई नहीं कह सकते।

## नाबालिग छात्रा का कोचिंग में यौन शोषण, आरोपी संचालक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** धूमनगंज स्थित कोचिंग सेंटर में नाबालिग छात्रा के यौन उत्पीड़न का सनसनीखेज मामला सामने आया है। संचालक डेढ़ महीने से उसके साथ अश्लील हरकत कर रहा था। छात्रा सदमे में चली गई तब उसके परिजनों को जानकारी हुई। शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बम्हरौली निवासी 14 वर्षीया छात्रा एक स्कूल में 10वीं में पढ़ती है। वह गणित, विज्ञान पढ़ने के लिए केएफ क्लासेस कोचिंग, ईडब्ल्यूएस कॉलोनी, कांशीराम आवास योजना पार्क, नीमसराय मुंडेरा में जाती है। इसका संचालक कैसर फिरदौस है।पिता के मुताबिक, पिछले कई दिनों से छात्रा डरी-सहमी सी रहती थी। कुछ पूछने पर भी जवाब नहीं देती थी। न खाना खाती थी और न ही ठीक से सो पाती थी। यह सिलसिला पिछले डेढ़ महीने से चल रहा था। 21 सितंबर को जब कोचिंग से लौटने पर बेटी की स्थिति देखकर शक हुआ तो मां ने बहुत दबाव देकर उससे इसकी वजह पूछी। बेटी ने जो बताया, वह सुनकर मां के होश उड़ गए। पिता के मुताबिक, पत्नी के पूछने पर बेटी ने रो-रोकर बताया कि कोचिंग संचालक कैसर फिरदौस पिछले डेढ़ माह से उसका शारीरिक शोषण कर रहा है। प्रथम तल पर कोचिंग क्लास चलती है,जबकि भूतल पर कार्यालय है। क्लास के समय जब सभी बच्चे ऊपर रहते थे, तब सर मुझे किसी ना किसी बहाने नीचे बुलाते थे। फिर अश्लील हरकत करते थे।बताया कि पहली बार जब उसने विरोध किया तो उसे फेल हो जाने का डर दिखाकर चुप करा दिया। इसके बाद लगातार अश्लील हरकतें करता रहा। बेटी की आपबीती सुनने के बाद पिता की ओर से धूमनगंज थाने में तहरीर दी गई। इसके बाद पुलिस ने पॉक्सो व छेड़छाड़ के आरोप में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी नगर दीपक भूकर ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की निपुण भारत संगोष्ठी संपन्न

**अखंड भारत संदेश**




**झूंसी।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ प्रयागराज के तत्वावधान में गुरुवार को ब्लेसिंग इंपीरिया सिविल लाइंस में भारत सरकार के कार्यक्रम निपुण भारत मिशन विषय पर आधारित निपुण भारत संगोष्ठी एवं उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ प्रयागराज के विभिन्न ब्लॉकों के ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह व प्राधिकार पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने सभी ब्लॉक के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बहादुरपुर ब्लॉक से कार्यकारिणी में चुने गए पदाधिकारियों में लक्ष्मी छाया को अध्यक्ष, विनीता निषाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपाली पीपला, अवनी राजवंशी, रंजना उपाध्याय, आरती यादव, शिवानी शुक्ला मिश्रा आदि को उपाध्यक्ष, अनुपमा को महामंत्री, इंदु यादव को मंत्री, पल्लवी को संयुक्त मंत्री, बसंती भट्ट, आशा वर्मा, संगीता सरोज आदि को संगठन मंत्री, रेणुका सिंह को कोषाध्यक्ष, रश्मि हजेला को मीडिया प्रभारी का शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वाले सभी पदाधिकारियों को सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत, सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक , टीएल?एम कॉर्नर, तथा विभिन्न ब्लॉक के पीपीटी का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। विकासखंड सैदाबाद खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सभी को आशीर्वचन तथा महिला शिक्षक संघ के सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनुरागिनी सिंह तथा समापन जिला महामंत्री संगीता सिंह भदौरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी की तरफ से वरिष्ठ उपाध्यक्ष कविता त्रिपाठी, उपाध्यक्ष आशा शर्मा, पूनम यादव, सुनीता सिंह, रचना भटनागर, बरखा बाजपेई, मंत्री रितु सिंह, संयुक्त मंत्री मोनिका द्विवेदी, संगठन मंत्री ललित तिवारी, कंचन यादव, कोषाध्यक्ष अलका जायसवाल, प्रचार मंत्री संध्या जायसवाल तथा मीडिया प्रभारी इन्दु शर्मा के साथ-साथ प्रयागराज के 22 ब्लॉकों से ब्लॉक अध्यक्ष तथा उनकी कार्यकारिणी के सदस्य और अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग को देश के किसानों का पूर्ण समर्थन

**एक अक्तूबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी रैली**

**कोराव।** संयुक्त किसान मोर्चा और अखिल भारतीय किसान महासभा (राष्ट्रीय घटक संयुक्त किसान मोर्चा) ने 1 अक्टूबर 2023 को पुरानी पेंशन स्कीम की मांग पर दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित कर्मचारियों की रैली को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि किसान महासभा और संयुक्त किसान मोर्चा देश में चल रही निजीकरण, कारपोरेटीकरण, छटनी और न्यू पेंशन स्कीम के जरिये देश के कर्मचारियों पर किए जा रहे सत्ता के हमलों का डट कर विरोध करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा जब भी सत्ता में आती है, हमेशा कर्मचारी विरोधी, किसान-मजदूर विरोधी फैसले लेती है। भाजपा के नेतृत्व वाली अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम खत्म कर उनके भविष्य को असुरक्षित बनाया। उसी वाजपेयी सरकार ने कृषि और लघु उद्योगों के उत्पादों के आयात से मात्रात्मक प्रतिबंध हटाकर देश के किसानों और स्माल स्केल इंडस्ट्री की भी कमर तोड़ दी। इसका नतीजा हुआ कि भारत में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाली खेती घाटे का सौदा बन गई और छोटे उद्योग धंधे बड़े पैमाने पर बर्बाद हो गए। किसान नेता पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि आज मोदी सरकार एक तरफ सरकारी व सार्वजनिक संस्थानों व संपत्तियों को कोड़ी के भाव अपने चहेते कारपोरेट को लूटा रही है, दूसरी ओर खेती, अन्न के भंडारण और खुदरा बाजार पर भी कारपोरेट को कब्जा कराती जा रही है। उन्होंने कहा ऐसी स्थिति में कर्मचारियों, मजदूरों, किसानों की व्यापक एकता आज भारत की सबसे बड़ी जरूरत है। इस देश को बनाने, उत्पादन करने और चलाने वाले हम तीनों तबकों की एकता के बल पर ही अब देश को एक नए रास्ते पर ले जाया जा सकता है। अभी 5 राज्यों के चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव आ रहा है। इस कर्मचारी, किसान, मजदूर विरोधी सरकार से बदला लेने का संकल्प लेकर यहां से जाना है।किसान नेता श्री शर्मा ने कहा देश की केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा ने मिल कर देशव्यापी आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। हमारी यह व्यापक एकता हमारी जीत का मार्ग अवश्य प्रसस्त करेगी।

## जुलूस में लोगों को जगह-जगह स्वागत किया गया



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों से जुलूस निकल गया ?चकदोदी नैनी स्टेशन रोड होते हुए नैनी बाजार शंकर ढाल अरैल आदि क्षेत्र में जुलूस ए मोहम्मदी का जुलूस निकाला गया। शांति सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए भारी संख्या में नैनी कोतवाली की प्रशासन तैनात रही शांतिपूर्वक जुलूस निकाला गया वही जगह-जगह लंगर चलाया गया रेलवे क्रॉसिंग पर पार्षद व अध्यक्ष राकेश जयसवाल इशरत सिद्दीकी विक्की डीजे वाले जग्गू भाई नैनी स्टेशन के पास,गुलफाम,अर्शद , अशरफ, इश्तियक अली, उस्मान आरिफ के लोगों को शरबत पिलाई लोगों का स्वागत किया।



### प्रशासन एवं एसपीओ टीम ने जुलूस को सकुशल कराया संपन्न

**नैनी।** नैनी के विभिन्न क्षेत्रों से निकल गया जुलूस अरैल चकदोदी शंकर ढाल आदि क्षेत्र में जुलूस ए मोहम्मदी का जुलूस निकाला गया। शांति सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही वहीं प्रशासन के सहयोग में विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद के निदेर्शानुसार प्रशासन के सहयोग के लिए एसपीओ टीम की ड्यूटी लगाई गई जिसमें सभी एसपीओ टीम के सदस्यों ने मिलकर प्रशासन के सहयोग में जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए जगह-जगह तैनात रहे।एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा संगठन सचिव रविन्द्र सिंह मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल सदस्यगण समीर खान रामजी जायसवाल दिनेश कुमार केसरवानी प्रदीप कुमार वसीम खान सैयद अजीजुर्रहमान उपेंद्र सिंह अरविंद कुमार सुरेंद्र कुमार मयंक कुमार आशीष कुमार रावत रामजी ? आदि एसपीओ टीम के जवान तैनात रहे।

## तमंचा व जीवित कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को तमंचा व एक जिवित कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी कर के जेल भेज दिया। मऊआइमा थाने के उप निरीक्षक सचिता नन्द मय हमराहियों के साथ गस्त कर रहे थे कि मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक सन्दिग्ध यूवक जाजा पुर मोड़ पर खड़ा है।सूचना पर पहुची पुलिस ने घेरा बंदी कर के यूवक को दबोच लिया ।जामा तलाशी में यूवक के पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जीवित कारतूस बरामद हुआ। यूवक ने अपना नाम विशाल गौतम पुत्र राम चन्द्र निवासी कोड़ासा थाना थरवई जिला प्रयागराज बताया। पुलिस ने यूवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## शुआट्स के फामेर्सी विभाग में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया

**नैनी, प्रयागराज।** शुआट्स के फामेर्सी विभाग ने शुआट्स के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और मोतीलाल नेहरू मंडलीय अस्पताल (कोल्विन), प्रयागराज के सहयोग से विश्व फार्मासिस्ट दिवस-2023 मनाया। विश्व फार्मासिस्ट दिवस-2023 का विषय ह्यफार्मासिस्ट स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करनाह्ण था। विभागाध्यक्ष प्रो. अमिता वर्मा ने सभी विद्यार्थियों एवं अतिथियों का स्वागत किया तथा समाज में फार्मासिस्टों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्राकृतिक और सिंथेटिक स्रोतों से नई दवाओं की खोज, उनके मूल्यांकन, गुणवत्ता नियंत्रण और प्रतिकूल प्रभावों के नियंत्रण पर प्रकाश डाला। प्रो. वर्मा ने किफायती दवाओं के उत्पादन पर जोर दिया और सस्ती और प्रभावी फार्मास्यूटिकल्स से समाज को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया। शुआट्स के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दीपक कुमार बोस ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के साथ अपने अनुभव साझा किए। स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) जी.एस. शुक्ला ने कहा कि फार्मासिस्ट की जिम्मेदारी मेडिकल स्टोर में दवाएं वितरित करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि फार्मासिस्ट को दवाओं और उनकी उपयोगिता के बारे में रोगी के साथ-साथ चिकित्सक को भी परामर्श देना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) बेचन शर्मा (डीन, विज्ञान संकाय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) ने फामेर्सी पेशे की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को ज्ञान प्राप्त करने और अपनी सेवाएं मानवता की सेवा में समर्पित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विषयगत निबंध लेखन, क्विज, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन और धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस सह समन्वयक सत्यम केसरी और डॉ. रजनी श्रीवास्तव द्वारा दिया गया। इस अवसर पर शुआट्स के एनएसएस प्रभाग और कॉल्विन हॉस्पिटल, प्रयागराज के संयुक्त प्रयास से एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर श्री सुशील तिवारी, श्री कुलदीप सिंह, डॉ. अंजलि पाल, डॉ. दानिश अहमद, डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. उदय पी. सिंह, डॉ. पुष्पराज गुप्ता, डॉ. विकास कुमार, डॉ. दीपिका सिंह, डॉ. दिनेश कुमार पटेल, श्री अनुप मसीह, डॉ. महफूजुर रहमान, श्री मोहम्मद इब्राहिम खान, श्री विनय कुमार यादव, श्रीमती लीना मसीह, श्री अमोल कुमार अग्निहोत्री, श्रीमती कनिका पटेल और सभी संकाय सदस्य रहे।

## अंतर्राज्यीय तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरांव।** पुलिस ने चोरी व लूट के नियत से घूम रहे तीन अंतर्राज्यीय अभियुक्तों को कस्बा कोरांव लेडियारी रोड तिराहे के पास से गिरफ्तार कर मामला पंजीकृत करते हुए विधिक कार्रवाई की है। जिन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनमें हीरावन महतो पुत्र सिकंदर, मुन्ना पुत्र टटौना, जनसेवा पुत्र जुगानी निवासीगण लोढन थाना बलीनगर जनपद वैशाली बिहार शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एक अदद सब्बल, दो अदद कटर, पांच अदद नाजायज देशी जिंदा बम बरामद किया है। उक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक प्रदीप कुमार अस्थाना, उप निरीक्षक वंश नारायण सिंह यादव, कांस्टेबल चंद्रशेखर यादव, कांस्टेबल मोहन कुमार शामिल रहे। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि इस समय पुलिस आयुक्त व सहायक पुलिस आयुक्त मेजा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने से लिए अभियान चलाया जा रहा है।

## जाति विशेष पर अभद्र टिप्पणी करने पर आरोपित के खिलाफ दी गई तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जाति विशेष पर अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी करने को लेकर इलाके के कई लोगों ने एक पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता के खिलाफ सांगीपुर पुलिस से सामूहिक रूप से शिकायत की है। सांगीपुर इलाके के बरूआ निवासी अभिषेक, भुड़हा निवासी विपिन, बाबा का गांव निवासी अश्विनी सिंह व यशवीर सिंह तथा धीरज सिंह, लखनपुर के रोमित आदि ने गुरूवार को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सांगीपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के मंच से बोलते हुए सांगीपुर के भुड़हा निवासी एक युवक ने जाति विशेष के खिलाफ अभद्र व अमर्यादित टिप्पणियां की। आरोपित युवक का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का भय है। शिकायतकताओं ने समाज में भाईचारा बना रहे। इसके लिए ऐसे अराजकतत्वों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। आरोपित कामता पटेल समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बताये जाते हैं।

# मिथिला में पधारे श्रीराम का नगर भ्रमण का किया रोचक वर्णन

### राम व सीता के प्रथम मिलन का प्रसंग भी रहा रोचक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सेवाभारती, काशी द्वारा आयोजित प्रतापगढ़ नगर के किशोरी सदन में चल रहीश्री राम कथा में समाज की विभिन्न विभूतियों का आगमन निरंतर हो रहा है। उनके द्वारा श्रोताओं को संबोधित भी किया जा रहा है।

इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत के सह प्रांत प्रचारक मुनीश ने अपने संबोधन में जाणता राजा के विषय में चर्चा करते हुए शिवा जी महाराज जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी में कहा कि ह्ययदि कोई युवक शिवा जी महाराज का जीवन चरित्र पढ़ेगा और अपने जीवन में उतारने का प्रयास करेगा तो उसके लिये यह गारंटी है कि वह कभी भी न तो डिप्रेशन में जा सकता है। इधर श्री राम कथा में दिलीप कृष्ण भारद्वाज ने महर्षि विश्वामित्र के साथ मिथिला में पधारे श्री राम का गुरुदेव से आज्ञा लेकर लक्ष्मण जी के साथ नगर भ्रमण का रोचक वर्णन किया। पुनः गुरुदेव की अनुमति से पुष्प वाटिका में प्रसून लेने पहुँचे ब्रह्म (राम) का भक्ति (सीता) से प्रथम बार मिलन की अद्भुत कथा श्रोताओं को श्री दिलीप कृष्ण के श्रीमुख से सुनने का आनंद प्राप्त हुआ। इसके उपरांत सीता जी को माँ भवानी का आशीष प्राप्त हुआ। श्री राम कथा आयोजन समिति द्वारा श्री राम एवं सीता के विवाह की अत्यंत अद्भुत झांकियाँ प्रस्तुत की गयीं।कथा के पूर्व सर्वप्रथम मुख्य यजमान सियाराम गुप्ता द्वारा पूजन एवं माल्यार्पण का कार्य संपन्न हुआ। आज की कथा में महंत मनोज ब्रह्मचारी, विभाग प्रचारक प्रवेश, संयोजक डॉ सौरभ पांडेय,श्री श्याम लाल खंडेलवाल, विष्णु खण्डेलवाल, गोविंद प्रसाद खंडेलवाल, शिशिर खरे, नीतेश खंडेलवाल, डॉ चेत प्रकाश पांडेय, गिरिजा शंकर मिश्र, सुनील दुबे, आशीष जायसवाल, अशोक शर्मा, जय शंकर सोनी, रेणु पांडेय, डॉ दीप्ति पांडेय,डॉ रेणु शुक्ल, कामायनी, शकुंतला, बीना,साक्षी, अनुराधा, बबिता इत्यादि उपस्थित रहे।



किशोरी सदन में राम कथा सुनती महिलाओं की भीड़।

# पुलिस लाइन का परेड ग्राउंड स्व0 इंस्पेक्टर अजय सिंह के नाम

### एसपी ने अजय सिंह की पत्नी से कटवाया फीता



फीता काटकर उद्घाटन करतीं स्व0 इंस्पेक्टर की पत्नी व साथ में एसपी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने अपना वादा निभाया। पुलिस अधीक्षक कोरोना काल में शहीद हुए स्व0 इंस्पेक्टर अजय सिंह का नाम सदियों तक अमर करने के लिए पुलिस लाइन परेड ग्राउंड का नामकरण स्व अजय सिंह के नाम किया। साथ ही एसपी ने स्व अजय सिंह की पत्नी से ग्राउंड का फीता भी कटवाया।

इस मौके पर नव निर्मित द्वार के उद्घाटन के समय स्व अजय सिंह के ससुर, पत्नी बच्चे मौजूद रहे। बता दें कि 16 अगस्त को पुण्यथिति में स्व अजय सिंह के नाम को सदियों तक अमर करने का एसपी सतपाल अंतिल ने वादा किया था। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि ईमानदारी जाया नही जाती पुलिस कर्मियों को स्व अजय सिंह के व्यक्तित्व से सीख लेना चाहिए। शहीद होने के बाद सदियों तक इनका नाम रोशन रहेगा।

## जहरीले जंतु के काटने से युवक की हुई मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के भुपियामऊ चैराहें के समीप अनुभव सिंह की दुकान पर पिछले कुछ दिनों से युवक नितिन सिंह निवासी डगैता रहता था। इसी दौरान चैराहे पर स्थित दुकान के अंदर बैठे जहरीले जंतु ने अचानक से नितिन को काट लिया। बेहोशी हालत में लोग नितिन को लेकर जिला अस्पताल भागे जहां जहां बीच रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। बता दें कि अंजनी सिंह का पुत्र नितिन सिंह डगैता का निवासी था। नितिन की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# नगर पालिका के विशेष सफाई अभियान जारी

### सफाई, चूने एवं एंटी लार्वा का भी हुआ छिड़काव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश पर 154 घंटे की लगातार सफाई व आज बारावफात के अवसर पर बेगम वार्ड, अजीत नगर, भैरोपुर, पुराना माल गोदाम रोड, भंगवा चुंगी, कपूर चैराहा पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया जिसमें सफाई के बाद चूने का छिड़काव व नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया।

बता दें कि उत्तर प्रदेश शासन पूरे प्रदेश में 154 घंटे का सफाई अभियान चला रही है जो दो अक्टूबर को समाप्त होगा। इसी क्रम में नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व ईओ राम अचल कुरील के निर्देशन में प्रतापगढ़ शहर में भी विशेष सफाई अभियान में कर्मचारी जुटे रहे।

उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि 154 घंटे लगातार सफाई अभियान में रोड गैंग के कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी जुटे रहे। यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा। आज बारावफात पर जुलूस निकलने को लेकर नगर पालिका सतर्क थी। जुलूस के रास्ते में भी विशेष सफाई की गई थी तथा चूने का छिड़काव किया गया था।



चौराहे पर साफ-सफाई करते सफाई कर्मचारी।

# जिले में शानो शौकत से निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

### श्रीराम तिराहे पर हुआ जलसे का आयोजन, जगह-जगह हुआ लंगर, सुरक्षा-व्यवस्था रही मुस्तैद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मोहम्मद साहब का जन्मदिवस ईद मिलाद के अवसर पर शहर के जोगापुर, बलीपुर, पुराना माल गोदाम रोड, पल्टर बाजार, अजीत नगर से जुलूस निकाले गये और सभी जुलूस एक जगह इकट्ठा होकर पूरे शहर में भारी सोल्लासपूर्वक निकले।

जुलूस में मक्का मदीना की झांकी सजी थी तथा हाथों में तिरंगा व इस्लामी झण्डा लिये आगे-आगे चल रहे थे। इस दौरान जुलूस का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। मिठाईयां बांटी गई तथा जलपान कराया गया। शहर में भंगवा चुंगी, स्टेशन रोड, चैक घंटाघर, सदर मोड़ तक यह जुलूस घूमता रहा। रेलवे स्टेशन चैराहे को लाइट को सजाया गया है। इसी प्रकार मुस्लिम बाहुल्य एरिया सिप्तैन रोड, बेगम वार्ड, कपूर चैराहा में लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। मोहम्मद साहब का जन्मदिन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी मनाया गया। जुलूस का स्वागत हिन्दू-मुस्लिम ने मिलकर किया। प्रतापगढ़ साम्प्रदायिक सौहार्द का जनपद माना जाता है जिसकी तस्वीर आज भी देखी गई। बारह रबीअव्वल को पल्टन बाजार स्थित अंजुमन गुलामाने रसूल गुलशने मदीना व अंजुमन कारिए-मिल्लत पल्टन बाजार द्वारा नाजिमे आला मौलाना मेराज अहमद हबीबी की अगुवाई में जोहर की नमाज के बाद दोपहर दो बजे जुलूसे मोहम्मदी का जुलूस शानो शौकत से पल्टन बाजार से निकाला गया। यह जुलूस टेज्जरी चैराहा, राजापाल टंकी, बकरा मण्डी, बेगम वार्ड, कपूर चैराहा, सिप्तैन रोड, जामा मस्जिद, चैक घंटाघर होते हुए जुलूस नसीर इलेक्ट्रिक श्रीराम तिराहा पहुंचा। यहां पर जुलूस जलसा में तब्दील हो गया। जलसे में मदरसे के प्रधानाचार्य मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी ने कहा कि इस्लाम के संस्थापक मोहम्मद सल्ल0 अलैह वसल्लम अल्लाह का संदेश देने के लिये इस धरती पर आए थे क्योंकि उस समय लोगों में शराबखोरी, जुआखोरी, लूटमार थी। जुलूस में एजाज अहमद, मोहम्मद आजाद, मौलाना अनीस, मौलाना अख्तर, मौलाना इरशाद, रौशन अली, रेहान अहमद, मोहम्मद अयाज उर्फ मोनू, हाफिज मो0 दाऊद, रिजवान अहमद, कदीम अहमद, मो0 फिरोज आदि लोग मौजूद रहे।



अंजुमन कारिए-मिल्लत द्वारा निकाले गये जुलूस में शामिल मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी।

## स्टेशन पर शराबी का हाई वोल्टेज ड्रामा, तमाशबीन बनी जीआरपी

### यात्री और टीसी स्टाफ से कर रहा था अभद्रता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मैं फलाने जाति का हूं, मुंबई जाना है। मेरा कोई क्या उखाड़ लेगा, घर पट्टी है। प्रतापगढ़ रेलवे जंक्शन पर गुरुवार को नशे में धुत एक युवक का इस तरह से हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। यात्री और कर्मचारी उसकी अभद्रता से परेशान थे। जीआरपी थी कि सूचना मिलने के बाद भी केवल तमाशबीन बनी रही। आरपीएफ दारोगा ने किसी तरह से उसे बाहर खदेड़ा। हालांकि वह उनसे भी भिड़ने का बार बार प्रयास करता रहा। बाद में वह मंदिर के पास जाकर लेट गया। मामला दोपहर का है। पिट्ठू बैग लिए एक युवक लड़खड़ाते कदमों से प्लेटफार्म एक में दाखिल हुआ। टीसी दफ्तर में घुसा। हंगामा करने लगा। किसी तरह बाहर किया गया। फर्श पर लोटने लगा। यात्रियों को गंदी गालियां देने लगा। टीसी स्टाफ आरपी सिंह ने इसकी सूचना आरपीएफ और जीआरपी को दी। आरपीएफ सहायक उपनिरीक्षक मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा। दारोगा उसे प्लेटफार्म से बाहर किए। आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक सीपी दूबे ने बताया कि हंगामे की सूचना मिलने पर नशेड़ी को स्टेशन परिसर से बाहर किया गया।

# दर्जनों गांवों से हुए नदारद सफाई कर्मचारी, फैली गंदगी

### स्वच्छता अभियान पर फिर रहा पानी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एडीओ व प्रधान की अनुकंपा सफाई कर्मियों पर बनी रहने से वह मनमानी पर उतारू हो गए है। ग्रामीणों की शिकायत का तो कोई असर ही नही दिखाई देता है। दर्जनों गावों में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। उनकी ड्यूटी गावों से नही बल्कि साहब की परिक्रमा से पूरी हो रही है। ऐसे में स्वच्छ भारत मिशन का अभियान कैसे पूरा होगा।स्थानीय विकास खंड के अधिकांश सफाई कर्मियों पर एडीओ साहब की अनुकंपा बनी रहती है। वह चाहे घर में रहे या ब्लॉक में, लेकिन उन्हें तैनाती वाले गांव से कोई सरोकार नहीं है। साहब भी उन्हें कभी सफाई की लचर व्यवस्था पर टोकना मुनासिब नहीं समझते है। यही वजह है कि सफाई कर्मी भी गावों का चक्कर न लगाकर एडीओ व प्रधान की परिक्रमा से पूरी नैतिकता निभा रहे है।ग्रामीणों की माने तो जब भी सफाई कर्मियों की मनमानी की शिकायत एडीओ से करते है तो वह भी कुछ करने के बजाय इसे खुली बैठक में प्रधान से शिकायत करने की बात कह कर पल्ला झाड़ लेते है और वहीं प्रधान जी एडीओ पंचायत जाने कहकर ग्रामीणों से पीछा छुड़ा लेते है। अधिकारियो की सफाई कर्मियों पर अनुकंपा बनी रहने की वजह से वह गावों में नही दिखाई देते, कभी आए भी तो प्रधान जी की परिक्रमा कर लौटना उनकी ड्यूटी का हिस्सा बन चुका है। इस दशा में अर्जुनपुर, लखनसेंपुर, मधुकारपुर, वेनीपुर, पयागीपुर, सारीपुर, बछवल, कौशिल्यपुर समेत लगभग दर्जन भर गावों में खड़ंजे से लेकर नालियों में गंदगी जमा है, लेकिन शासन की व्यवस्था के बाद भी अधिकारियो की वजह से अव्यवस्था बनी हुई है।



गांव में लगा गंदगी का अम्बार।

## जमीन के विवाद में शिकायत पर पुलिस नही कर रही कार्रवाई, एसपी से न्याय की गुहार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीन के विवाद को लेकर स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर पीड़ित महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के गोठवा पचखरा गांव की कामना सिंह पत्नी राजेश सिंह ने बुधवार को एसपी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह घर पर अकेली रहती है। उसके पति बाहर शहर में मजदूरी करते हैं। पीड़िता का आरोप है कि जमीन पर जबरन कब्जा करने की नीयत से उसके गांव के पटटीदार आये दिन गालीगलौज व मारपीट करते हैं तथा घर छोडकर भाग जाने की बात भी कहते हैं। पीड़िता ने मामले की कई बार सांगीपुर थाने में शिकायत किया लेकिन जांच के नाम पर पुलिस कार्रवाई नही कर रही है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि बीती मंगलवार की रात आरोपित पटटीदार ने जबरन घर में घुसकर तमंचा सटाकर उसे जानलेवा धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने एसपी से मामले की जांच कराकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# महिलाओं के हितों और अधिकारों के संरक्षण के लिए बने हैं कानूनः अपर जिला जज

### जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्लान ऑफ एक्शन के अनुपालन में एवं जिला जज माननीय अब्दुल शाहिद अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ द्वारा महिलाओं के हित संरक्षण कानून विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित अवध गर्ल्स हाई स्कूल में नीरज कुमार बरनवाल अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं के हितों के संरक्षण के लिए कानूनों का प्रावधान किया गया है, जिसे जागरूक होकर महिलाएं प्राप्त कर सकती हैं, उन्होंने कहा कि कानून के अंतर्गत ऐसी व्यवस्था है कि लिंग के आधार पर किसी भी महिला के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा, लिंग परीक्षण के संदर्भ में उन्होंने बताया कि यदि इस कार्य में लिप्त कोई पाए गए तो प्रथम बार पकड़े जाने पर 3 वर्ष की सजा एवं आर्थिक दंड एवं द्वितीय बार पर 5 वर्ष की सजा एवं आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है, पास्को एक्ट पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इसके लिए विशेष न्यायालय का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर लीगल एंड डिफेंस काउंसिल तजीन फातिमा एडवोकेट ने कहा कि जेल में बंदियों को विधिक सहायता, घरेलू हिंसा, भरण पोषण आदि में निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। चिकित्सा अधिकारी डॉ0 पारुल सक्सेना ने सर्वाइकल कैंसर के प्रति महिलाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रिया जायसवाल जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं पर लोगों को जानकारी दी गई।

इस अवसर पर अधिवक्ता पी एल वी निरंजन प्रकाश तिवारी ने राष्ट्रीय महिला आयोग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका के बारे में प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन राम प्रकाश पांडेय पीएलवी, विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों का विद्यालय की प्रधानाचार्य द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक वजीहुद्दीन हैदर एडवोकेट ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला विधिक प्राधिकरण के पीएलवी महेंद्र त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी, सुरेंद्र कुमार सरोज, एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

## जूनियर बार के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक पाण्डेय के निधन पर जताया गया शोक, मौन रखकर दी गई श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसोशिएसन के पूर्व उपाध्यक्ष एवं जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक पाण्डेय दीनदयाल के आकस्मिक निधन पर गुरूवार को रूरल बार एसोशिसन द्वारा कचेहरी परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में साथी अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता अशोक पाण्डेय के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अशोक पाण्डेय के निधन से जरूरतमंदो को न्याय दिलाने की एक आवाज का असमय दुःखद अवसान हुआ है। वहीं जूनियर बार एसोशिएसन के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र ने कहा कि अधिवक्ताओं के हित में अशोक पाण्डेय का संघर्ष सदैव अविस्मरणीय रहेगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा ने कहा कि स्व. अशोक पाण्डेय मिलनसार एवं सरल व्यक्तित्व सदैव साथी अधिवक्ताओं को कमी अखरने वाली पीड़ा देता रहेगा। संचालन जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। इस मौके पर डा. नीरज त्रिपाठी, पूर्व प्रमुख विवेक त्रिपाठी, विद्यासागर शुक्ला, दिनेश तिवारी, रजनीकांत मिश्र, सूर्यभान पाण्डेय, अजय दुबे, अनिल सिंह, दीपेन्द्र मिश्र, आनन्द कुमार ओझा, पवन कुमार सिंह, प्रशान्त सिंह, विनय सिंह, विलास शुक्ल, विक्रम प्रताप सिंह, अभिनव मिश्र, संदीप तिवारी, अनुराग सिंह, अजय सिंह, निशान्त यादव, शिवशंकर सिंह आदि रहे। इधर वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक पाण्डेय के निधन की जानकारी मिलने पर रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने उनके शहर स्थित आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि की।

# सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है हिन्दी

### प्राथमिक विद्यालय शमशेरगंज में हिन्दी उन्नयन संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विकास खण्ड लक्ष्मणपुर के प्राथमिक विद्यालय शमशेर गंज में हिन्दी पखवारा के अन्तर्गत हिंदी उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। वाणी वन्दना डॉ. सच्चिदानंद त्रिपाठी ने किया। संयोजक डॉ. अरुण कुमार रत्नाकर ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण से किया। विद्यालय के बच्चे आयुष, हुसैन, नितिन, साक्षी, शशी, सेजल आदि ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रतापगढ़ के हिंदी प्रवक्ता अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी भारत और विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। उसकी जड़ें प्राचीन भारत की संस्कृत भाषा तक जाती हैं। अति विशिष्ट अतिथि संजय शुक्ल समाजसेवी ने कार्यक्रम संयोजक डॉ. अरुण कुमार रत्नाकर के प्रशंसा करते हुए विद्यालय के लिए एक दीवाल घड़ी भेंट किया। विशिष्ट अतिथि श्रीनाथ मौर्य सरस की हिंदी पर कविता खूब सराही गई। अकादमिक संदर्भदाता आशीष खरे ने भारत देश प्यारा इसकी शान है हिंदी, हम देशवासियों की पहचान है हिंदी सुनाया। पत्रकार अरविन्द दुबे ने हिंदी को अपनी बात रखने का एक सशक्त माध्यम बताया।शिक्षक डॉ.अरुण कुमार रत्नाकर ने कहा कि हिन्दी जन-जन की भाषा है और सबको अधिक से अधिक काम हिंदी में करना चाहिए।।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि हिन्दी साहित्य ने अपनी शुरूआत लोकभाषा कविता से की। उन्होंने कहा कि भारत के अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग शैलियां जन्मीं जिसमें हिंदी सबसे अधिक विकसित भाषा रही। संचालन वरिष्ठ साहित्यकार हरिवंश शुक्ल शौर्य ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के बच्चों सहित शिक्षा मित्र मीना गुप्ता, विमलेश गुप्ता, मिठाई लाल गौतम, प्रशान्त दुबे, गंगाराम विश्वकर्मा, रसोइया माधुरी प्रजापति, लालती गौतम, अजय केसरवानी आदि उपस्थित रहे।



हिन्दी उन्नयन संगोष्ठी में बोलते वरिष्ठ साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न।

## संपादक की कलम से

# नमस्ते फ्रॉम भारत

वैश्विक स्तरपर भारत की बढ़ती उपलब्धियों कुछल कूटनीति विदेश नीति, ग्लोबल साउथ में बढ़ते कद, व्यापार व्यवसाय मैन्युफैक्चरिंग के अनेक क्षेत्रों में वैश्विक हब बनने की ओर अग्रसर,भारत में दशकों से उलझे हुए मुद्दे कुशाग्र बौद्धिक क्षमता से सुलझाना अद्भुत अविश्वसनीय है तथा जी-20 दिल्ली घोषणा पत्र को विकसित देशों की सर्वसम्मति से पहले दिन ही पारस्परिक सहमति बनाना दुनियां के देशों को भारत के वैश्विक नेतृत्व करने कीयोग्यता का इशारा दे रहा है, जो बड़े-बड़े विकसित देश इसको समझ रहे हैं, लेकिन बोल नहीं रहे हैं।आखिरकार दिनांक 26सितंबर 2023 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78 वें सत्र में देर शाम विदेश मंत्री ने वक्तव्य देते हुए कहा कि अभी वे दिन लद गए, जब सभी देशों को उनके एजेंडे के अनुरूप सहमति दर्शानां पड़ता था, लेकिन अब स्थितियां बदल गई है अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस बदलते परिपेक्ष में नियमआधारित व्यवस्था और संयुक्त चार्ट का सामान करने और राजनीतिक सुविधा से आतंकवादी उग्रवाद की प्रतिक्रिया का आधार नहीं बना सकते है। चूंकि 194 देश से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले संयुक्त राष्ट्र की महासभा में भारत के वक्तव्य को सभी देशों ने गंभीरता से सुना और उससे पहले नमस्ते फ्रॉम भारत पर पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक मंचों पर एजेंडा और मानदंडों को तय करने में भारत के सुझावों को रेखांकित करना समय की मांग है।यूएनएससी में भारत की स्थाई सदस्यता जरूरी है। साथियों बात अगर हम संयुक्त राष्ट्र महासभा में 26 सितंबर 2023 को माननीय विदेश मंत्री के वक्तव्य की करें तोसंयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए अपने संबोधन की शुरूआत भारत से नमस्ते' बोलकर की।उन्होंने कहा,नमस्ते फ्रॉम भारत (भारत की ओर से नमस्ते) इसके बाद तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी।यूएनजीए में कहा कि यूएनएससी में बदलाव होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कूटनीति और बातचीत से ही दुनियां में तनाव को कम किया जा सकता है। अब वे दिन नहीं रहे हैं, जब कुछ देश एजेंडा तय करते थे और बाकी देशों से उनके अनुरूप चलने की उम्मीद की जाती थी। उन्होंने बल देकर कहा कि आज आम सहमति बनाना अनिवार्यता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षा परिषद को समसामयिक बनाना चाहिए और इसके लिए प्रभावशीलता और विश्वसनीयता दोनों ही आवश?यक है। कनाडा और पाकिस्तान के एक अन्य परोक्ष संदर्भ मे संयुक्त राष्ट्र से कहा कि राजनीतिक सुविधा आतंकवाद या उग्रवाद की प्रतिक्रिया का आधार नहीं हो सकती है।उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से नियम-आधारित व्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करने की अपील की।किसी देश का नाम लिए बिना उन देशों को भी आड़े हाथों लिया जो दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं। उन्होंने कहा, भारत अपनी जिम्मेदारी महसूस करता है। विश्व की वित्तीय संस्थाओं में बदलाव होना चाहिए।यूएनएसी में बदलाव होनाचाहिए। दुनिया उथल-पुथल के दौर का सामना कर रही है। कूटनीति और बातचीत ही तनाव को कम कर सकती है। विश्व से भूख और गरीबी को मिटाना है। दुनियां में कई जगह संघर्ष चल रहा हैदुनियां के सामने बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा,भारत में हाल में जी-20 शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ, विश्व के सामने विकास की चुनौति है। उन्होंने कहा,एक पृथ्वी,एक परिवार एक भविष्य का भारत का दृष्टिकोण महज कुछ देशों के संकीर्ण हितों पर नहीं, बल्कि कई राष्ट्रों की प्रमुख चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा,अब भी कुछ ऐसे देश हैं जो एजेंडा को आकार देते हैं और मानदंडों को परिभाषित करना चाहते हैं।यहअनिश्चितकाल तक नहीं चल सकता।

उन्होंने कहा, जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल किए जाने से संयुक्त राष्ट्र को भी सुरक्षा परिषद को समसामयिक बनाने की प्रेरणा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा,गुट निरपेक्ष के युग से निकलकर अब हमने विश्व मित्र की अवधारणा विकसित की है।

# तमिलनाडु में एआईएडीएमके से गठबंधन टूटना बीजेपी के लिए कितना मायने रखता है

दो दिनों के अंदर बीजेपी का कर्नाटक में जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) से गठबंधन हुआ और तमिलनाडु में एआईएडीएमके से नाता टूट गया। लेकिन इन सबके बीच एक सवाल सत्ता के गलियारे में तैर रहा है कि क्या तमिलनाडु में एआईएडीएमके से संबंध टूटने से केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को कोई खास फर्क पड़ेगा।

इस सवाल की वजह ये है कि 2019 में जब औपचारिक गठबंधन हुआ उससे पहले से एआईएडीएमके का बीजेपी के प्रति सहयोगात्मक रवैया जगजाहिर रहा है।

खासकर राज्यसभा में, जहां कुछ दिन पहले तक बीजेपी का बहुमत नहीं था और बहुत जरूरी विधेयकों को पास करने में उसे सहयोग की जरूरत थी। लेकिन तमिलनाडु में गठबंधन को खटाई में डालने का काम किसी और ने नहीं बल्कि खुद बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने किया। वो न केवल एआईएडीएमके के नेतृत्व के आलोचक थे बल्कि उन्होंने सीएन अन्नादुरै के आइकन को निशाना बनाने का एक भी मौका नहीं छोड़ा।



एनडीए गठबंधन से अलग होने की घोषणा

अन्नादुरै को द्रविड़ पार्टियों का जनक माना जाता है। एआईएडीएमके के कार्यकताओं के मन में दोनों के प्रति सम्मान है और व्यावहारिक रूप से वे दोनों को पूजते हैं।

राजनीतिक गलियारे में इस बात पर चर्चा तेज हो गई है कि बिना ताकतवर केंद्रीय नेतृत्व के इशारे के, क्या गठबंधन में जूनियर पार्टनर का नेता, तमिलनाडु जैसे राज्य में ऐसे आइकन का मजाक उड़ाने की हिम्मत जुटा सकता है। दिलचस्प बात ये है कि एनडीए गठबंधन से अलग होने की घोषणा, बेजीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ एआईएडीएमके नेताओं की मीटिंग के बाद की गई।

रोजा मुथिया रिसर्च लाइब्रेरी के फेलो और राजनीतिक विश्लेषक एएस परीनरसेल्वन ने बीबीसी हिंदी से कहा, "ये गठबंधन टूटा नहीं है। ये एक रणनीतिक चाल है। ये उसी तरह है जैसे असदुद्दीन ओवैसी उत्तर प्रदेश में जाते हैं और मुस्लिम वोट विभाजित होता है। ये ऐसा नहीं है जैसे उद्धव ठाकरे अलग हुए हों। वे नड्डा से मिलने दिल्ली गए थे। पृष्ठभूमि बिल्कुल स्पष्ट है। अन्नामलाई तो सिर्फ बहाना हैं।"

रणनीतिक चाल?

उधर ,कर्नाटक में बीजेपी जेडीएस के साथ गठबंधन करके अपनी 1998 और 1999 की रणनीति को ही दुहरा रही है। जेडीएस के मुखिया पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा हैं और उनके बेटे एचडी कुमारस्वामी कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं।

25 साल पहले बीजेपी ने रामकृष्ण हेगड़े की लोक शक्ति पार्टी के साथ गठबंधन किया था और कर्नाटक से लोकसभा में असरदार एंट्री की। सबसे अहम बात है कि कर्नाटक के चुनावी इतिहास में इन दो चुनावों को, एक जन नेता वाली स्थानीय पार्टी के वोटों का एक राष्ट्रीय पार्टी को चले जाने का एक बेहतरीन उदाहरण माना जाता है। इन दो चुनावों में हेगड़े ने अपने लिंगायत वोट आधार को बीजेपी के हवाले कर दिया। ये दोनों दफे हुआ, जब वो लोक शक्ति पार्टी के नेता रहे और फिर जनता दल (यू) के नेता बने।

कर्नाटक के दक्षिणी ज़िलों, जैसे कोलार, टुमाकुरु, चिक्काबालापुर, मांड्या, बेंगलुरु रूरल, चामराजनगर और हासन में बीजेपी अपने पुराने प्रदर्शन को दुहराना चाहती है। इन इलाकों में वोक्कालिगा बहुसंख्यक हैं और ये जेडीएस का आधार क्षेत्र है।

एनआईटीटीई एजुकेशन ट्रस्ट में डायरेक्टर एकेडेमिक्स और राजनीतिक विश्लेषक प्रोफेसर संदीप शास्त्री कहते हैं, "उस गठबंधन का असर 2004 के विधानसभा चुनावों के परिणाम में दिखा। इस बार बीजेपी ने तय किया है कि वो 24 लोकसभा सीटों पर लड़ेगी, यानी 2019 में जितनी सीटें जीती थीं उससे एक कम। ये बताता है कि 2023 के हालात 2019 से अलग हैं।"

तमिलनाडु के समीकरण

अन्नामलाई

तमिलनाडु के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई और एआईएडीएमके नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ई पलानीस्वामी के बीच खींचतान की बड़ी वजह उनकी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बताई जाती है क्योंकि दोनों ही पश्चिमी तमिलनाडु में दबदबा रखने वाले गौंडर समुदाय से आते हैं।

राजनीतिक विश्लेषक सुरेश कुमार ने बीबीसी हिंदी से कहते हैं, "लेकिन अन्नामलाई केंद्रीय नेतृत्व के चहेते इसलिए बने हुए हैं क्योंकि राज्य में उन्होंने बीजेपी को चर्चा में ला दिया है।"

सुरेश कुमार ने कहा, "अगर दो पार्टियां आपस में वोट बांटती हैं तो डीएमके को फायदा होगा। फिलहाल ये होता नहीं दिख रहा है। बीजेपी के लिए तो यही बहुत है कि उसका वोटिंग प्रतिशत थोड़ा बढ़ जाए। लेकिन एआईएडीएमके और पलानीस्वामी के लिए तो सीटें जीतना जरूरी हैं, वरना उनके नेतृत्व को खतरा पैदा हो जाएगा।"

सुरेश कुमार पनीरसेल्वन के इस नजरिए से सहमत हैं कि चुनाव के बाद, केंद्र में बीजेपी को एआईएडीएमके की ओर से हमेशा की तरह समर्थन मिल सकता है। लेकिन आंध्र प्रदेश के जगन मोहन रेड्डी से उलट, पलानीस्वामी बिल्कुल अलग हैं।

रेड्डी आंध्र प्रदेश में मुख्य खिलाड़ी हैं। लेकिन पलानीस्वामी के साथ तमिलनाडु में ऐसा नहीं है। एआईएडीएमके को अपनी वोट हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए गठबंधन की जरूरत है।

साल 2021 के विधानसभा चुनाव में पलानीस्वामी ने एआईएडीएमके नीत गठबंधन की अच्छी तरह से अगुवाई की थी। गठबंधन ने जो 75 सीटें हासिल की थीं उनमें एआईएडीएमके के हिस्से 66 सीटें आई थीं। सुरेश कुमार कहते हैं, "उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में हार की भरपाई की, जब डीएमके ने राज्य की 39 लोकसभा सीटों में 38 सीटें हासिल की थीं। तबसे न तो कोई नेता और ना ही कार्यकर्ता पार्टी छोड़ कर गया।"

"असल में, जब गठबंधन टूटने की घोषणा हुई तो एआईएडीएमके के कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं का मानना है कि अन्नामलाई एआईएडीएमके की कीमत पर आगे बढ़ रहे हैं।"

कर्नाटक के सियासी हालात

हालांकि कर्नाटक में जेडीएस के साथ गठबंधन को लेकर बीजेपी प्रदेश यूनिट का रवैया अलग रहा है।

प्रोफेसर शास्त्री कहते हैं, "साफ तौर पर विश्वास की कमी दिखती है क्योंकि गठबंधन का फैसला राष्ट्रीय स्तर पर हुआ जिसमें राज्य के नेतृत्व की कोई भागीदारी नहीं थी।

इसे यूं कहा जा सकता है कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने राज्य में आगे का रास्ता तय करने का अख्तियार अपने हाथ में ले लिया।" लेकिन क्या इस बार 1998 और 1999 की तरह वोटों का ट्रांसफर हो पाएगा?

प्रोफेसर शास्त्री कहते हैं, "1999 में जेडीयू के 50 प्रतिशत वोट बीजेपी को चले गए और कुछ वोट कांग्रेस को गए। मैं देखना चाहूंगा कि इस बार कितने प्रतिशत वोट बेजीपी को जाता है। दूसरा मुद्दा ये है कि हमारा अनुभव बताता है कि बीजेपी के वोट उसके सहयोगियों को ट्रांसफर नहीं होते हैं। ये उल्टा होता है।"

मैसूर यूनिवर्सिटी में राजनीति विज्ञान के शिक्षक रहे प्रोफेसर मुजफ़्फर असदी ने बीबीसी हिंदी से कहा, "इंडिया गठबंधन की ओर से नजरअंदाज किए जाने के कारण ही जेडीएस ने बीजेपी से हाथ मिलाया। उससे पहले एनडीए की ओर से उन्हें नजरअंदाज किया गया था।"

"उन्होंने खुद को हाशिये पर धकेले जाने का एहसास किया। उनका आधार वोट भी तेजी से घट रहा है। जेडीएस ने आरोप लगाया कि मुस्लिमों ने उसे निराश किया, इसलिए उसने बीजेपी से हाथ मिलाया। लेकिन ये बात को खींचने की तरह है जैसे कि यही प्रमुख कारण रहा हो।

# मप्र : जीतने के लिए बीजेपी ने उतारी प्रवासी नेताओं की फौज

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला है। कमलनाथ के खिलाफ बीजेपी जबरदस्त तरीके से घेराबंदी करने में जुटी हुई है, जिसके लिए अपने दिग्गज नेताओं को भी चुनावी रण में उतार दिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से लेकर पीएम मोदी तक ताबड़तोड़ दौरे, रैली और बैठकें करके सियासी माहौल भाजपामय बनाने में जुट गए हैं। सूबे के एक-एक सीट को जीतने के लिए सियासी तानाबाना बुनने में जुटी है, जिसके लिए पांच राज्यों के करीब 5 दर्जन प्रवासी नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो चुनाव तक वहां पर कैंप करके कमल खिलाने के मिशन को अमलीजामा पहनाने का काम करेंगे? बीजेपी ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को भोपाल में बड़ी बैठक की, जिसमें देश भर से पांच दर्जन से अधिक नेताओं ने शिरकत किया था। इसमें बिहार, गुजरात, उत्तर प्रदेश, झारखंड, हरियाणा के सांसद और विधायक शामिल रहे। दूसरे राज्यों से एमपी चुनाव के लिए बुलाए गए 60 से अधिक नेताओ को जिलेवार और संभागवार जिम्मेदारी दी गई हैं।

**बैठक में कौन कौन हुए शामिल?**

एमपी चुनाव को लेकर हुई बैठक की अध्यक्षता भूपेंद्र यादव और अश्वनी वैष्णव ने की। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, दिनेश शर्मा, सुशील मोदी, मुख्तार अब्बास नकवी, स्वतंत्र देव सिंह, लक्ष्मीकांत, संतोष गंगवार, दिनेश खटीक, सुरेश राणा, पंकज सिंह, डॉ महेश शर्मा, सुब्रत पाठक, बिहार के सुशील मोदी, झारखंड के दीपक प्रकाश, हरियाणा के कैप्टन अभिमन्यु समेत कई नेता बैठक में शामिल हुए। बैठक में सभी प्रवासी नेताओं को उनकी जिम्मेदारी और काम शुरू करने का निर्देश दिए गए हैं। खास बात ये है कि बिहार, यूपी, हरियाणा, झारखंड और गुजरात से मध्यप्रदेश पहुंचे इन प्रमुख नेताओं को एक-एक जिले का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। इन नेताओं को दिए गए जिले में आने वाले समूचे विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रबंधन, समस्याओं का निराकरण, जिले के प्रसिद्ध और प्रभावी लोगों के बीच पार्टी की पैठ बढ़ाना और किसी भी आए हुए समस्या का निराकरण मुख्य काम होगा।

**किस नेता के जिम्मे कौन सा जिला**

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी को छिंदवाड़ा, झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को शहडोल संभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं राम रतन कुशवाहा को उमरिया की जिम्मेदारी दी गई है। बृजेश पाठक को भोपाल,



स्वतंत्र देव सिंह को सतना, पंकज सिंह को विदिशा, हरीश द्विवेदी को ग्वालियर शहर, दिनेश प्रताप सिंह को रायसेन, अनिल राजभर को सिओनी, दयाशंकर सिंह को बालाघाट, सुब्रत पाठक को सागर, एसपी सिंह बघेल को भिंड, बेबी रानी मौर्य को ग्वालियर, मुख्तार अब्बास नकवी को खंडवा की जिम्मेदारी दी गई है। कपिल अग्रवाल को दमोह, सुरेश राणा को सीधी, लक्ष्मी कांत वाजपेई को रीवा संभाग की जिम्मेदारी दी गई। वहीं, जेपीएस राठौर को भोपाल चुनाव कार्यालय का प्रभार दिया गया है।

**एमपी चुनाव में यूपी के करीब 2 दर्जन नेता जुटेंगे**

एमपी चुनाव में सबसे अधिक उत्तर प्रदेश के करीब 2 दर्जन से अधिक नेता चुनाव के कार्य में लगाए गए हैं। मध्य प्रदेश में सभी जिलों में कम से कम 4 विधानसभा सीट है और अधिक से अधिक 6 विधानसभा सीट है। इन तमाम नेताओं को दिए गए संभाग में चुनावी रणनीति बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही उनके संभाग में चल रहे चुनाव प्रचार को निर्देशित करने की भी जिम्मेदारी दी गई है। इतना ही नहीं नेताओं को दिए गए संभागों में पार्टी की जीत में बड़ा बनने वाले मुद्दों की पहचान करने और उसके समाधान निकालने की भी जिम्मेदारी होगी। मध्य प्रदेश चुनाव में दूसरे राज्यों से ड्यूटी पर लगाए गए, सभी नेताओं की भोपाल में बैठक हुई और उसके बाद यह सभी अपने-अपने संभाग के लिए रवाना हो गए। शुरूआती दौर में यह सभी नेता सबसे पहले अपने संभाग के पार्टी पदाधिकारी, कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे, उसके बाद अपने संभाग के ही विशिष्ट लोगों से भी मुलाकात की जिम्मेवारी इन सभी नेताओं को सौंपी गई है। कुल मिलाकर इन सभी नेताओं को मध्य प्रदेश में बीजेपी की जीत को सुनिश्चित करने का टास्क दिया गया है। इस पूरे कार्यक्रम का कॉर्डिनेटर बीजेपी के महामंत्री तरुण चुग को बनाया गया है।

**प्रभारियों के साथ बीजेपी प्रवासी नेताओं की बैठक**

भोपाल में हुई बैठक में इन सभी 5 दर्जन से अधिक प्रवासी बीजेपी नेताओं के साथ सभी जिलों के बनाए गए प्रभारी की भी बैठक की गई ताकी बेहतर कोऑर्डिनेशन और आपसी समन्वय बेहतर बनाया जा सके। खास बात ये है कि इन प्रवासी चुनाव प्रभारियों के साथ अब अगले पड़ाव में सभी विधानसभा प्रभारियों की बैठक होगी। बता दें कि इससे पहले बीजेपी के तीन राज्यों के प्रवासी विधायकों को मध्यप्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जाकर एक हफ्ता रहने और जनता के नब्ज को नापने का जिम्मा दिया गया था। प्रवासी जिला प्रभारी नेताओं की नियुक्ति से पहले बीजेपी सूबे के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विधायक विस्तारक नियुक्त कर जमीनी फीडबैक प्राप्त किया था। इस तरह बीजेपी मध्य प्रदेश को हर हाल में जितने का लक्ष्य साधे अपने दूसरे राज्यों के क्षेत्रीय बड़े नेताओं को काम पर लगा मध्यप्रदेश का किला एक बार फिर फतह करना चाहती है।

**(इस लेख में लेखक ने अपने निजी विचार व्यक्त किए हैं। लेख में प्रस्तुत किसी भी विचार एवं जानकारी के प्रति "उदय उत्तर" उत्तरदायी नहीं है।)**

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**


# नमस्ते फ्रॉम भारत

वैश्विक स्तरपर भारत की बढ़ती उपलब्धियों कुछल कूटनीति विदेश नीति, ग्लोबल साउथ में बढ़ते कद, व्यापार व्यवसाय मैन्युफैक्चरिंग के अनेक क्षेत्रों में वैश्विक हब बनने की ओर अग्रसर,भारत में दशकों से उलझे हुए मुद्दे कुशाग्र बौद्धिक क्षमता से सुलझाना अद्भुत अविश्वसनीय है तथा जी-20 दिल्ली घोषणा पत्र को विकसित देशों की सर्वसम्मति से पहले दिन ही पारस्परिक सहमति बनाना दुनियां के देशों को भारत के वैश्विक नेतृत्व करने कीयोग्यता का इशारा दे रहा है, जो बड़े-बड़े विकसित देश इसको समझ रहे हैं, लेकिन बोल नहीं रहे हैं।आखिरकार दिनांक 26सितंबर 2023 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78 वें सत्र में देर शाम विदेश मंत्री ने वक्तव्य देते हुए कहा कि अभी वे दिन लद गए, जब सभी देशों को उनके एजेंडे के अनुरूप सहमति दर्शनां पड़ता था,

लेकिन अब स्थितियां बदल गई है अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस बदलते परिपेक्ष में नियमआधारित व्यवस्था और संयुक्त चार्ट का सामान करने और राजनीतिक सुविधा से आतंकवादी उग्रवाद की प्रतिक्रिया का आधार नहीं बना सकते है। चूंकि 194 देश से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले संयुक्त राष्ट्र की महासभा में भारत के वक्तव्य को सभी देशों ने गंभीरता से सुना और उससे पहले नमस्ते फ्रॉम भारत पर पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक मंचों पर एजेंडा और मानदंडों को तय करने में भारत के सुझावों को रेखांकित करना समय की मांग है।यूएनएससी में भारत की स्थाई सदस्यता जरूरी है। साथियों बात अगर हम संयुक्त राष्ट्र महासभा में 26 सितंबर 2023 को माननीय विदेश मंत्री के वक्तव्य की करें तोसंयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए अपने संबोधन की शुरूआत भारत से नमस्ते' बोलकर की।

उन्होंने कहा,नमस्ते फ्रॉम भारत (भारत की ओर से नमस्ते) इसके बाद तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी।यूएनजीए में कहा कि यूएनएससी में बदलाव होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कूटनीति और बातचीत से ही दुनियां में तनाव को कम किया जा सकता है। अब वे दिन नहीं रहे हैं, जब कुछ देश एजेंडा तय करते थे और बाकी देशों से उनके अनुरूप चलने की उम्मीद की जाती थी। उन्होंने बल देकर कहा कि आज आम सहमति बनाना अनिवार्यता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षा परिषद को समसामयिक बनाना चाहिए और इसके लिए प्रभावशीलता और विश्वसनीयता दोनों ही आवश?यक है। कनाडा और पाकिस्तान के एक अन्य परोक्ष संदर्भ मे संयुक्त राष्ट्र से कहा कि राजनीतिक सुविधा आतंकवाद या उग्रवाद की प्रतिक्रिया का आधार नहीं हो सकती है।उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से नियम-आधारित व्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करने की अपील की।किसी देश का नाम लिए बिना उन देशों को भी आड़े हाथों लिया जो दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं। उन्होंने कहा, भारत अपनी जिम्मेदारी महसूस करता है। विश्व की वित्तीय संस्थाओं में बदलाव होना चाहिए।यूएनएसी में बदलाव होनाचाहिए। दुनिया उथल-पुथल के दौर का सामना कर रही है। कूटनीति और बातचीत ही तनाव को कम कर सकती है। विश्व से भूख और गरीबी को मिटाना है। दुनियां में कई जगह संघर्ष चल रहा हैदुनियां के सामने बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा,भारत में हाल में जी-20 शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ, विश्व के सामने विकास की चुनौति है। उन्होंने कहा,एक पृथ्वी,एक परिवार एक भविष्य का भारत का दृष्टिकोण महज कुछ देशों के संकीर्ण हितों पर नहीं, बल्कि कई राष्ट्रों की प्रमुख चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा,अब भी कुछ ऐसे देश हैं जो एजेंडा को आकार देते हैं और मानदंडों को परिभाषित करना चाहते हैं।यहअनिश्चितकाल तक नहीं चल सकता।

उन्होंने कहा, जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल किए जाने से संयुक्त राष्ट्र को भी सुरक्षा परिषद को समसामयिक बनाने की प्रेरणा मिलनी चाहिए।

# दलित बस्तियों में सेवा पखवाडा मना रही भाजपा

## जिलाध्यक्ष, सांसद, पूर्व सांसद, कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन कर रहे संवाद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा के तहत अनुसूचित जाति सम्पर्क अभियान के दूसरे दिन जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने तरांव में, सांसद आरके सिंह पटेल रैपुरवामाफी, डफाई का पुरवा में पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा सुरसेन, औदहा मे डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल नगर क्षेत्र के लक्ष्मणपुरी वार्ड में, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा कबरा पुरवा में, रामनगर गंगाधर मिश्रा बांधी मे अनुसूचित जाति के लोगों से संपर्क कर संवाद किया।

गुरुवार को जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा सेवा और समर्पण की पार्टी है। भाजपा का उद्देश्य सिर्फ सत्ता प्राप्त करना नही है, राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने का है। भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि गांव- गांव में दलित बस्तियों मे सम्पर्क कर केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के दलितों को जारी लोक कल्याण योजनाओं को बता रहे है। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य के अनुरूप प्रधानमंत्री की अगुवाई में हर वर्ग का सपना साकार हो रहा है। सांसद ने कहा कि आज हर वर्ग के लोगो का विश्वास भाजपा और मोदी पर बढा है। भाजपा सरकार सभी वर्गो के सहयोग से पुनः 2024 मे सरकार बनेगी। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने औदहा व सुरसेन मे दलित बस्तियों में कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में जाति विशेष के लोगो को ही लाभ मिलता था। भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा है। डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि पार्टी ने समरसता से बिना किसी भेदभाव के सभी जाति वर्ग के लोगो मे समानता ला रही है। सबका साथ सबका विकास सबका विकास के मूल मंत्र के साथ काम करना है।

जनसम्पर्क दौरान मंडल अध्यक्ष शिवरामपुर श्रवण पटेल, प्रदीप सिंह, रवि गुप्ता, रामकरण बर्मा, वासुदेव बर्मा, पवन बद्री, रमाकांत पांडे, मनोज उपाध्याय, श्रवण त्रिपाठी, शिवाकान्त पांडे, शक्ति सिंह, बृजलाल सविता, राकेश त्रिपाठी, मेवालाल बर्मा, शकुन्तला देवी आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को एक को सभी चलें दिल्ली: कमलेश पाण्डेय

## बैठक कर पेंशन बहाली को संघर्ष को चेताया




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उप्र की बैठक तुलसी पार्क कर्वी में पुरानी पेंशन बहाली बाबत जिलाध्यक्ष मनोज सोनी की अध्यक्षता एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय की मौजूदगी में हुई। प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय ने कहा कि पुरानी पेंशन को अटेवा/एनएमओपीएस पेंशन बचाओ मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु ने लगातार पूरे देश में आंदोलन कर रहे हैं।

गुरुवार को बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय ने कहा कि छह राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड हिमाचल, पंजाब, पश्चिम बंगाल में पुरानी पेंशन बहाल कर दी गई है। इसी क्रम में एक अक्टूबर को रामलीला मैदान नई दिल्ली में विशाल रैली की जायेगी। रैली में देश के कोने-कोने से सभी शिक्षक कर्मचारी से पहुंचने की अपील की गई है। इस बाबत जिले के सभी शिक्षक कर्मचारियों से अपील की है कि भारी तादाद में पेंशन शंखनाद रैली में अपने अधिकारों को पाने को संघर्ष में साथ दें। जिस तरह से अपनी मांगों को लेकर सभी दलों के सांसद/ विधायक एकजुट होकर वेतन भत्ते बढ़ा लेते हैं। इसी प्रकार से सभी शिक्षक कर्मचारियों को संगठनों की सीमा तोड़कर अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी है। समय रहते पुरानी पेंशन बहाल न हुई तो शिक्षक कर्मचारी एकजुट होकर आने वाले 2024 में केंद्र सरकार को वोट के दम पर हटाने का काम करेंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम तूफानी ने कहा कि निजीकरण का विरोध हर स्तर पर करेंगे। जब तक मांगे नहीं मानी जातीं, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। अटेवा मंच के मंडल संगठन प्रभारी/जिला संरक्षक महेंद्र सिंह पटेल ने एक अक्टूबर की रैली में भारी तादाद में पेंशन रैली को सफल बनाने का आवाहन किया। अटेवा मंच के जिला संयोजक राजेश कुमार यादव ने सभी संगठनों से अपील की है कि पुरानी पेंशन को सभी लोग एकजुट होकर दिल्ली पहुंचे। अटेवा चित्रकूट महामंत्री मथुरा प्रसाद वर्मा ने कहा कि जब तक सभी लोग एकजुट होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष बंधु का साथ नहीं देंगे, तब तक संघर्ष निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंचेगा। कहा गया है कि संघे शक्ति युगे-युगे। अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला महामंत्री बृजेंद्रकांत मिश्रा ने कहा कि सभी अपने अधिकारों के लिए खड़े नहीं हुए तो बुढ़ापे में नुकसान उठाना पड़ेगा। अपने अधिकारों के लिए पुरानी पेंशन आंदोलन का साथ दें। अटेवा मंच के जिला कोषाध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने कहा कि नई पेंशन योजना इतनी अच्छी है तो सबसे पहले योजना को सांसद-विधायकों को दी जाए। पुरानी पेंशन बहाल न होने तक संघर्ष जारी रहेगा। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष मनोज सोनी ने सभी साथियों का आभार जताया। अधिकारों की रक्षा को संघर्ष को चेताया। बैठक में नवनीत निगम, मोतीलाल सिंह, मदन सिंह, रामबाबू प्रजापति, रामचरित मिश्रा, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार, अजय पाल सिंह, परमानंद सिंह, राजाराम संदीप वर्मा, सुंदरलाल गुप्ता, नमो नारायण सिंह, राकेश सिंह, फूलचंद सिंह, शतभूषण सिंह, अभिषेक कुमार केसरवानी, प्रभाकर दत्त शुक्ला, नंदकिशोर समेत सैकडों शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्षत्रिय महासभा ने भाजपा जिलाध्यक्ष का किया सम्मान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी का सम्मान समारोह चित्रकूट इंटर कॉलेज परिसर में किया।

गुरुवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष कुंवर प्रताप सिंह की अगुवाई में सम्मान समारोह का संचालन जिला महामंत्री प्रमेंद्र प्रताप सिंह ने करते हुए कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी क्षत्रिय समाज का मान बढायेंगे। इष्ट रघुवंशी श्रीराम भगवान व महाराणा प्रताप सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष ने रघुवंशियों की गाथा और महाराणा प्रताप के शौर्य की चर्चा की। संगठन के जिलाध्यक्ष कुंवर प्रताप सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष को माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साधना सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष ने सरकार की उपल्बधियों व योजनायें बताई। हर व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने की अपील की। मंचासीन अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला संरक्षक दिनेश सिंह चैहान, जिलाध्यक्ष कुंवर प्रताप सिंह, विधानसभा अध्यक्ष हेम सिंह चैहान, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ नागेंद्र कुमार सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य अरुण सिंह बघेल, उज्जवल सिंह, मलखान सिंह मौजूद रहे। संगठन में अन्य अतिथि के तौर पर विश्व हिन्दू महासंघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती तृप्ति तिवारी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अमित सोलंकी, कृष्ण कुमार गौर, हगेन्द्र सिंह, आदित्य सिंह रघुवंशी, सुरेश सिंह बघेल, ज्योति सिंह चैहान, खुशबू सिंह, हिना सिंह, सरस्वती, हर्ष सिंह, विनोद सिंह, शिवदीप सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, मनेन्द्र प्रताप सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह चैहान, गौरव सिंह, जितेन्द्र सिंह, कल्लू सिंह, हर्षित सिंह चैहान, राजन सिंह, प्रकाश सिंह, श्याम सिंह परिहार, विकास सिंह, दिव्यांश सिंह आदि मौजूद रहे। सभी लोगों का आभार जिलाध्यक्ष कुंवर प्रताप सिंह ने जताया।

## हैंडपंप मरम्मत-सामग्री के नाम पर हो रही धांधली , अन्य निर्माण कार्यों में हुए फर्जी भुगतान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के भरथौल, पहरा व टिटिहरा गांव में हैंडपंप मरम्मत व सामग्री के नाम पर भारी घपला हो रहा है। पेयजल व्यवस्था के नाम पर सरकारी धन की जमकर लूट हो रही है। मनमानी ढंग से भुगतान हो रहे हैं।

गुरुवार को कर्वी ब्लाक के गांवों में पेयजल के नाम पर लूट का खुलासा हुआ है। बताया गया कि प्रधान व सचिव की मिलीभगत से चहेती फर्मों के नाम पर भुगतान हो रहा है। हैंडपंप मरम्मत व सामग्री के नाम पर कागजों में भुगतान हो रहा है। मरम्मत कार्य व पुरानी सामग्री का अता-पता नही है। पंद्रहवें वित्त व पंचम वित्त की धनराशि में हैंडपंप मरम्मत व सामग्री समेत अन्य निर्माण कार्यों के नाम पर फजीर्वाड़ा किया गया है। इन गांवों में मनरेगा से कराये कार्यों में भी धांधली देखने को मिल रही है। कर्वी ब्लॉक में हैंडपंप रीबोर के नाम पर धांधली चर्चा में आई थी। हैंडपंप रीबोर के नाम पर जिम्मेदार अधिकारियों ने जांच की बजाय मामले को दबाया था। हैंडपंप मरम्मत व सामग्री के नाम पर सरकारी धन के बंदरबाट की जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

## सरकारी कार्यालयों में जी हुजूरी करते हैं सफाई कर्मी, गांवों में तैनाती होने के बाद कार्यालयों में दे रहे सेवा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरकार पूरे देश को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का दावा कर रही है। सफाई कर्मी सरकार के दावों की पोल खोल रहे हैं। सफाई कर्मी गांवों में जाने की बजाय जिम्मेदार अधिकारियों की जी हुजूरी में लगे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की सेवा में कोई सफाई कर्मी अर्दली बना है, कोई ड्राइवर बना है, कोई झाडू-पोंछा लगा रहा है, कोई खाना बनाने व कपड़े धोने का काम कर रहा है। गुरुवार को सफाई कर्मियों की पोल खुली। बताया गया कि ज्यादातर सफाई कर्मी सरकारी कार्यालयों में बाबू व कर्मचारी बनकर धौंस जमा रहे हैं। सफाई कर्मी गांवो में सफाई करने नहीं जा रहे हैं। इससे गांवों में गंदगी का अंबार लगा है। ज्यादातर सफाई कर्मी एक ही अधिकारी के कार्यालय में कई वर्षो से जमे हैं। अन्य जगहों पर तबादला नहीं हो रहा। इससे अधिकारियों के चहेते बने हैं। जिला पंचायत राज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करने से कतराते हैं। स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने को सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। पंचायत राज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने शासन के निदेर्शों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। पंचायती राज विभाग की गाइडलाइन अनुसार सफाई कर्मियों की तैनाती ग्राम पंचायतों में की गई है। सफाई कर्मचारियों को तैनाती ग्राम पंचायतों में ही सेवा देना है, लेकिन ज्यादातर सफाई कर्मी गांवों में सेवा देने की बजाय जिम्मेदार अधिकारियों के कार्यालयों में जी हुजूरी करते देखे जाते

## नाला निर्माण में ठेकेदार मचाये है लूट, नागिन डांस करते कमजोर नाले में घुसा सांड



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बेडीपुलिया से पिपरावल नाले तक होने वाला नाला निर्माण मानक एवं गुणवत्ता अनुसार नहीं बन रहा है। ये नाला नागिन डांस करता बनाया जा रहा है। नाला की जगह ठेकेदार नाली निर्माण घटिया सामग्री से कर रहा है। मांगे जाने पर ठेकेदार अवधेश यादव ने नाले का लेआउट नहीं दिया। इससे जाहिर है कि नाला निर्माण में भारी घपला किया जा रहा है। जिला मुख्यालय के बेडीपुलिया से नाला निर्माण का कार्य हो रहा है। ये नाला पिपरावल नाले तक बनाया जाना है। शुरूवाती दौर में ही नाला की जगह नाली निर्माण घटिया सामग्री से हो रहा है। नाला निर्माण में दो सूत की सरिया एवं बेहद पतली नाले की दीवार बनाई जा रही है। ये इस कदर कमजोर है कि कोई भी भारी- भरकम वस्तु नाले के ऊपर नहीं रखी जा सकती। नाले में जाने पर एक सांड गिरकर घायल हो गया है। नाला निर्माण में बेहद घटिया सामग्री का प्रयोग हो रहा है। ठेकेदार अवधेश यादव ने नाला निर्माण का लेआउट मांगे जाने पर नहीं दिया। ये नाला निर्माण टेढा-मेढा हो रहा है। कहीं भी सीधे ढंग से नहीं बनाया जा रहा। झांसी-मिजार्पुर राजमार्ग में बन रहे नाले में कहीं भी सडक का पानी निकलने की व्यवस्था नहीं की जा रही। ऐसे में सडक पर पानी भरा रहेगा। इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पडेगी। बेडीपुलिया के वाशिंदे राकेश केशरवानी ने कहा कि नाला निर्माण बेहद घटिया सामग्री से बनाया जा रहा है। ये नाला चन्ददिनों तक भी नहीं चल पायेगा। ऐसे में सरकार का पैसा बर्बाद चला जायेगा। ठेकेदार नाला निर्माण में भारी घपला कर लूट मचाये है। जिलाधिकारी से मांग किया कि नाला निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराई जाये।

## मंत्री आशीष पटेल का बुन्देली सेना ने जाना हाल



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के हनुमानगंज गांव के प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के सड़क हादसे में घायल होने पर बुंदेली सेना ने मिजार्पुर स्थित आवास जाकर भेंट की। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मां विन्धवासिनी और प्रभु कामतानाथ से प्रार्थना की है। गुरुवार को केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के पति/ यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री वैसे तो मूलतः चित्रकूट जिले के हनुमानगंज गांव के निवासी हैं। अनुप्रिया पटेल मिजार्पुर से सांसद हैं। उनका आवास मिजार्पुर में भी बना है। मंगलवार की देर शाम कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल पैतृक गांव में पारिवारिक तेरहवीं में शामिल होने आए थे। रात्रि में ही वह प्रयागराज के निकले थे। बुधवार को प्रयागराज से मिजार्पुर जाते समय सरकारी कार एक बाइक सवार को बचाने के फेर में खुद की पुलिस स्कार्ट से टकरा गई थी। इस हादसे में मंत्री की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आशीष पटेल घायल हो गए। बुधवार को ही मिजार्पुर स्थित उनके आवास पहुंचकर बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने टीम समेत उनका हालचाल लिया। मां विन्धवासिनी और प्रभु कामतानाथ से जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उनके साथ अतुल सिंह, वीपी पटेल, जानकीशरण गुप्ता, विष्णु सिंह मौजूद रहे।

## एसपी ने सीतापुर चैकी में मेस का किया लोकार्पण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की मौजूदगी में चैकी सीतापुर में नवनिर्मित मेस का फीता काटकर लोकार्पण किया।

गुरुवार को एसपी ने चैकी परिसर, कार्यालय एवं चैकी प्रभारी कक्ष का भ्रमण कर चैकी प्रभारी सीतापुर को दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय, पीआरओ गुलाब त्रिपाठी, सोशल मीडिया/साइबर सेल प्रभारी विजय सिंह, चैकी प्रभारी श्यामदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

## कुपोषण से बचाव को ग्रामीणों को दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सेवा भारती के सुपोषण सप्ताह के तहत विकासखंड पहाड़ी के अरछा बरेठी में ग्रामीणों को कुपोषण से बचाव को जानकारी दी गयी। पौष्टिक व संतुलित आहार लेने को प्रेरित किया।

गुरुवार को अरछा बरेठी गांव में हुई गोष्ठी के बाद सहभोज हुआ। ग्रामीणों के साथ मिलकर भारतीय परंपरा के तहत पत्तल में भोजन किया। नगर पालिका के ईओ लालजी यादव ने बताया कि दैनिक जीवन में जितना परिश्रम मनुष्य करता है, उतना पौष्टिक आहार नहीं मिलता। इससे शारीरिक क्षमता दिनोंदिन गिरती जा रही है। ऐसी स्थिति में पौष्टिक आहार लेना चाहिए। अपने अगल-बगल स्वच्छ वातावरण रखना जरूरी है। श्री अन्न मिलिट के बारे में बताया कि मोटे अनाजों की पुनः पैदावारी बढ़ाने को प्रेरित किया। चना, ज्वार, सोयाबीन की बड़ी, मूंगफली, मूंग की दाल इनको फुला कर खाने से पौष्टिक आहार मिलता है, जो शरीर के लिए लाभदायक है। पत्तीदार हरी सब्जियां खानी चाहिए। गांव में तोरई, कद्दू, लौकी, चैराई, पालक पर्याप्त मात्रा में हैं, इन्हें खायें और बच्चों को भी आदत डालें, ताकि बच्चे भी स्वस्थ रहें। पौष्टिक आहार लेने से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि होती है। इस मौके पर राजकिशोर, गुरु प्रकाश शुक्ला, राजकिशोर त्रिपाठी, शिव कुमार, शंकर प्रसाद यादव, गांव के बुजुर्ग दिरपाल यादव, देशराज लंगड़ा, राम सजीवन मिश्र, पूर्व प्रधान भोला मिश्रा, राजकुमार यादव, रुकमणी, आशा देवी, श्यामकली, राम लली, रामकिशोर, हर्षवर्धन यादव आदि मौजूद रहे।

## कोतवाली पुलिस ने एक वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा राजीव कुमार सिंह की टीम ने छेडछाड एवं पाक्सो एक्ट के वांछित छोटू पुत्र ननकू निवासी बनवारीपुर को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा राजीव कुमार सिंह, सिपाही संजय पाल शामिल रहे।

## दो के कब्जे से 15 लीटर महुआ व 25 क्वार्टर देशी शराब बरामद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब व 25 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।

गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा बालकिशुन की टीम ने श्यामलाल पुत्र जयराम निवासी अर्जुनपुर दबवा मजरा खंडेहा के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा बालकिशुन, सिपाही मनीष यादव व नागेश कुमार शामिल रहे। इसी क्रम में चैकी प्रभारी सरैंया हारून रशीद खान की टीम ने धनपत प्रजापति पुत्र गयादीन प्रजापति निवासी खोखला पुरवा मजरा गढ़चपा के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया हारून रशीद खान, सिपाही दुर्गेश यादव व रविशंकर शामिल रहे।

## जनवादी महिला समिति के सम्मेलन में किसान सभा की महिलाओं ने हिस्सा लिया

**ग्रेटर नोएडा**

जुनपत गांव में जनवादी महिला समिति के सम्मेलन में किसान सभा की सैकड़ो महिलाओं ने हिस्सा लिया। किसान सभा के नेतृत्व में प्राधिकरण पर 123 दिन चले धरने में शामिल रही आंदोलनकारी महिलाओं ने अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के नेतृत्व में जुनपत गांव में धर्मेंद्र वकील की बैठक पर आयोजित सम्मेलन में सैकड़ो की संख्या में हिस्सा लिया।

# महिला से चैन खींचने वाला दबोचा

## सभी आरोपी हैं मध्य प्रदेश के





**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह ने 31 अगस्त को महिला से चैन खींचने की घटना का खुलासा करते हुए एक को दबोचकर चोरी की बाइक बरामद की है।

ज्ञात है कि 31 अगस्त को कोतवाली कर्वी के ऑफिसर्स कालोनी में एक महिला के साथ बाइक सवार दो लोगों ने चैन खींचने की घटना की थी। इस बाबत कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज हुआ था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह ने निमोर्ही अखाड़ा के पास से आमीन पुत्र अली बक्श निवासी लोहिया वार्ड स्टेशन रोड थाना पिपरिया जिला हौसंगाबाद मप्र को काले रंग की पल्सर मोटरबाइक 9438 समेत गिरफ्तार किया। उसने पूंछताछ में बताया कि चार लोगों को गैंग है। उसके एक साथी का नाम हाफिज हुसैन पुत्र कमल हुसैन जाफरी निवासी तबह हुसैन कलोनी थाना पिपरिया जिला हौसंगाबाद मप्र, दूसरे साथी का नाम मासल्ला जाफरी पुत्र सयैद अनवर अली जाफरी निवासी मकान नं 400/3 गली नं दो विनोवा वार्ड इरानी मुहल्ला थाना पिपरिया जिला हौसंगाबाद मप्र तथा तीसरे का नाम सैफू अली पुत्र खान अली निवासी मकान नं 31 इतवारा बाजार इदानी मुहल्ला थाना पिपरिया जिला हौसंगाबाद मप्र है। चारों दो मोटरबाइकों से चलते हैं। दो साथी एक मोटरबाइक से आगे-आगे चलकर घटना रेकी करते हैं। दो लोग घटना अंजाम देते हैं। 31 अगस्त को उन लोगों ने चैन स्नैचिंग की थी। उसमें चारों थे। घटना के बाद नागौद मप्र चले गये थे। वहां भी चैन स्नैचिंग की थी। दोनों चैन साथियों के पास है। बरामद गाडी को परिवहन एप से चैक किया तो गाड़ी का नम्बर गलत निकला। इस बाबत गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वे पकड़े न जायें, इसलिये नम्बर प्लेट बदल देते हैं। ये मोटरबाइक उन्होंने थाना सौहागपुर जिला हौसंगाबाद मप्र से चोरी की थी। उसके कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट की गाड़ी बरामद होने पर धारायें बढाई गईं। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी को प्रयास जारी हैं। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह, सिपाही अभिषेक प्रताप सिंह शामिल रहे।

## फर्जी आबकारी अधिकारी/फर्जी पत्रकार वसूली करते दबोचे, महिला समेत तीन के कब्जे से दस हजार रुपये, मारुती कार व फर्जी आईडी बरामद





**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह ने फर्जी आबकारी अधिकारी व फर्जी पत्रकार बनकर वसूली करने वाले गिरोह का खुलासा किया है।एक महिला समेत तीन लोगों को वसूली के दस हजार रुपये, मारुती कार व फर्जी पत्रकार की आईडी कार्ड समेत दबोचा है।

ज्ञात है कि 27 सितम्बर को खोही तिराहा स्थित भांग दुकान के सेल्समैन राघवेंद्र सिंह पुत्र रामसेवक सिंह निवासी शिवरामपुर ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई थी कि मारुति कार यूपी 32बीडी-3207 से महिला समेत लोग आबकारी अधिकारी बनकर दुकान से छह साल को जेल भेजने की धमकी देकर दस हजार रुपये ले गये है। पुलिस ने मामला दर्जकर चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग को विवेचना सौंपी। चैकी प्रभारी ने मुखबिर की सूचना पर 27 सितम्बर को बेड़ीपुलिया स्थित शंकर ढ़ाबा सेकृष्ण कुमार सिंह पुत्र स्व गंगाबख्श सिंह निवासी दोबहा थाना जगतपुर जिला रायबरेली, मोहम्मद आमिर पुत्र मुईज निवासी 4ए/68 गोमतीनगर लखनऊ हालमुकाम महरीखामा थाना सदर जिला बस्ती, रंजना विश्वकर्मा पुत्री हरिवंश विश्वकर्मा निवासी तिरौला थाना जंगीपुर जिला गाजीपुर हालमुकाम 884 सेक्टर इंदिरानगर लखनऊ को मारुति कार समेत वसूली के दस हजार रुपये व फर्जी पत्रकार के दो आईडी कार्ड समेत गिरफ्तार किया। वसूली के रुपये बरामदगी पर धारायें बढाई गईं। टीम में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह, चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह, सिपाही शिवम मिश्रा व अभिषेक प्रताप सिंह शामिल रहे।

## इस्लाम धर्म के संस्थापक की पैदाइश जश्न पर निकला जुलूस



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में बारावफात का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। गुरुवार को सवेरे से पुरानी बाजार चैराहा समेत कोलगदहिया गांव आदि में जुलूस के चलते खासी भीड़ देखने को मिली।

गुरुवार को बारावफात जुलूस को लेकर पुलिस एलर्ट मोड में दिखी। बुधवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर जिले की पुलिस ने शहर के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पैदल गश्त की। उन्होंने बताया कि शांति समितियों की बैठकों में पहले ही सभी से अपील की जा चुकी है कि कोई नयी परंपरा नहीं शुरू करने दी जाएगी। जिले के लोगों से अपील है कि वह आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनायें। सोशल मीडिया की निरंतर निगरानी की जा रही है। शांति और कानून व्यवस्था में बाधक बनने का प्रयास करने वालों के साथ पुलिस बेहद सख्ती से पेश आएगी।

ईद-ए-मिलाद के रूप में जाना जाने वाला मिलाद-उन-नबी पैगम्बर मुहम्मद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बारावफात मनाया जाता है। ये उत्सव मुहम्मद के जीवन और उनकी शिक्षाओं की भी याद दिलाता है। मिलाद-उन-नबी इस्लामी पंचांग के तीसरे महीने रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है। हालांकि मुहम्मद का जन्मदिन एक खुशहाल अवसर है, लेकिन मिलाद-उन-नबी शोक का भी दिन है। यह इस वजह से क्योंकि रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन ही पैगम्बर मुहम्मद की मृत्यु भी हुई थी। कोलगदहिया गांव में हाजी रज्जन अली की अगुवाई में बारावफात का जुलूस निकाला गया।

## यूक्रेन को मदद का विरोध कर निशाने पर आए अमेरिकी राष्ट्रपति पद के दावेदार रामास्वामी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति पद के भारतीय मूल के दावेदार विवेक रामास्वामी उस समय अन्य दावेदारों के निशाने पर आ गए, जब उन्होंने यूक्रेन को अमेरिकी मदद का विरोध कर दिया। विवेक ने रिपब्लिकन पार्टी की एक डिबेट के दौरान कहा कि वह यूक्रेन को आर्थिक मदद देने के खिलाफ हैं और वह रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन का समर्थन नहीं करेंगे। कैलिफोर्निया के सिमी वैली स्थित रीगन लाइब्रेरी एंड म्यूजियम में रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति पद की डिबेट में विवेक रामास्वामी ने यूक्रेन युद्ध में रूस के खिलाफ अमेरिका की मदद का विरोध किया। रामास्वामी ने कहा कि चीन असली दुश्मन है और हम यूक्रेन को युद्ध में समर्थन देकर रूस को चीन के पाले में धकेल रहे हैं। हमें इस संकट के समाधान के लिए कोई बेहतर योजना बनानी चाहिए। डिबेट में यूक्रेन के मसले पर रामास्वामी अलग-थलग पड़ गए और अन्य उम्मीदवारों ने इस मुद्दे पर रामास्वामी के खिलाफ हमला बोल दिया। पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने कहा कि अगर पुतिन को यूक्रेन पर कब्जा करने दिया जाता है, तो यह एक तरह से चीन के लिए हरी झंडी होगी कि वह ताइवान पर हमला कर दे। अन्य उम्मीदवार और न्यूजर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी ने कहा कि यूक्रेन में लड़ने के लिए चीन, रूस की मदद कर रहा है। ईरान, रूस को हथियार उपलब्ध करा रहा है और उत्तर कोरिया भी ऐसा कर रहा है। अगर हम पुतिन को यूक्रेन लेने देंगे, तो अगला नंबर फिर पोलैंड का होगा।

## भारतीयों को दूतावास ने जारी किए 10 लाख से अधिक वीजा, 2019 की तुलना में 20 प्रतिशत से अधिक आवेदन

**वाशिंगटन।** भारत में अमेरिकी मिशन ने 2023 में 10 लाख गैर-आप्रवासी वीजा आवेदनों को संसाधित करने के अपने लक्ष्य को पार कर लिया है। अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को घोषणा की कि मिशन ने 2022 में संसाधित मामलों की कुल संख्या को पहले ही पार कर लिया है और महामारी 2019 से पहले की तुलना में लगभग 20त्न अधिक आवेदनों पर कार्रवाई कर रहा है।

**भारत से रिश्ते हुए और मजबूत**

भारत में राजदूत एरिक गार्सेटी ने दूतावास के एक्स(पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा, 'भारत के साथ हमारी साझेदारी अमेरिका के सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों सहित दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण रिश्तों में से एक है। हमारे लोगों के बीच संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं, और हम आने वाले महीनों में अधिक से अधिक भारतीय आवेदकों को संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा करने और अमेरिका-भारत मित्रता का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर देने के लिए वीजा कार्य की रिकॉर्ड-सेटिंग मात्रा जारी रखेंगे'।

**कितना है रोजगार वीजा आवेदकों का आंकड़ा**

बता दें कि पिछले वर्ष, 1.2 मिलियन से अधिक भारतीयों ने अमेरिका का दौरा किया, जिससे यह दुनिया में सबसे मजबूत यात्रा संबंधों में से एक बन गया। अमेरिकी दूतावास के मुताबिक भारतीय अब दुनियाभर में सभी वीजा आवेदकों में से 10 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसमें सभी छात्र वीजा आवेदकों में से 20फीसदी और सभी एच एंड एल-श्रेणी (रोजगार) वीजा आवेदकों में से 65फीसदी शामिल हैं। अमेरिकी वीजा की निरंतर मांग को ध्यान में रखते हुए, दूतावास ने कहा कि अमेरिका भारत में अपने परिचालन में भारी निवेश कर रहा है। पिछले वर्ष में, मिशन ने पहले से कहीं अधिक वीज़ा प्रसंस्करण की सुविधा के लिए अपने स्टाफ का विस्तार किया है।

## निज्जर हत्या मामला: पीएम ट्रूडो पर भड़के भारतीय-कनाडाई व्यवसायी, भारत पर लगाए गए आरोपों को बताया गैर-जिम्मेदराना

**ओट्टावा।।** कनाडा में रह रहे भारतीय प्रवासियों ने खलिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए आरोपों की निंदा की है। उन्होंने इसे गैर-जिम्मेदराना करार देते हुए कहा कि हिंदू-सिख समुदाय प्रभावित न हो इसलिए दोबारा बयान दे सकते थे। खलिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के बाद भारत-कनाडा के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। इस पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयान को भारतीय-कनाडाई व्यवसायी रवि श्मा ने गैर-जिम्मेदराना करार दिया। उन्होंने कहा, कनाडाई संसद में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा किया गया घोषणा कुछ ऐसा था जिसे आसानी से नजरअंदाज किया जा सकता था। खलिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या पर भारत पर लगाए गए आरोपो का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, जब यह घोषणा की गई, तब कनाडा में रहने वाले हिंदू समुदाय सतर्क था। इस घोषणा ने तत्काल प्रभाव पैदा कर दिया, जिससे लोगों को लगा कि वे संकट में हैं। वह डर गए थे, क्योंकि जो घोषणा संसद में गई उससे यही लग रहा था कि भारत सरकार ने निज्जर की हत्या करवाई थी, जो सच नहीं था। सच कुछ और है। कनाडा में हिंदु और सिख शांति से रहते हैं और प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा जारी बयान में जो कहा गया वह बहुत गैर-जिम्मेदराना था।

## उत्तर कोरिया ने संविधान संशोधन करके बनाया परमाणु हथियारों के लिए नया कानून

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने परमाणु हथियारों के विकास की रफ्तार न रुकने देने के लिए संविधान संशोधन किया है। उत्तर कोरिया ने नया कानून बनाकर परमाणु हथियारों के तेज विकास की नीति को अब अपने संविधान में शामिल कर लिया है। अब कानून बनने के बाद उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों के विकास में तेजी आ सकती है।

उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग-उन ने उत्तर कोरियाई संसद (सुप्रीम पीपल्स असेंबली) के सत्र के दौरान जानकारी दी कि उत्तर कोरिया की परमाणु बल तैयार करने की नीति को अब देश के आधारभूत कानून की तरह स्थायी बनाया जा रहा है, जिसका उल्लंघन करने की किसी को भी अनुमति नहीं होगी। उन्होंने परमाणु हथियारों के उत्पादन में तेजी लाने और परमाणु हमले की क्षमताओं में विविधता लाने के साथ ही इन्हें सेना की विभिन्न सेवाओं में तैनात



करने की जरूरत पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि वह अमेरिका और उसके सहयोगियों से प्योंगयांग को मिल रही चुनौती और इसके परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने की मंशा के मद्देनजर यह कदम उठा रहे हैं।

उत्तर कोरिया का यह कदम ऐसे समय आया है जब अमेरिका द्वारा उत्तर कोरिया से अपील की जा रही है कि वह बातचीत की मेज पर लौटे। इस बातचीत के जरिए उत्तर कोरिया को परमाणु हथियार कार्यक्रम ना चलाने के लिए अमेरिका से आर्थिक मदद मिलनी है। किम जोंग-उन हाल ही में रूस के दौरे से लौटे हैं, जहां उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। रूस दौरे पर किम जोंग उन ने कई हथियार निर्माता कंपनियों के प्लांट्स का दौरा किया।

किम जोंग-उन का यह दौरा ऐसे समय हुआ, जब अमेरिका ने उत्तर कोरिया पर आरोप लगाया है कि नॉर्थ कोरिया, यूक्रेन युद्ध के बीच रूस को हथियारों की सप्लाई कर रहा है। माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच नागरिक परमाणु कार्यक्रम की तकनीक के ट्रांसफर पर बातचीत हो सकती है। ऐसी भी आशंका है कि उत्तर कोरिया इस डील के तहत मिले मैटेरियल का इस्तेमाल अपने परमाणु मिसाइल कार्यक्रम को बढ़ाने में भी कर सकता है।

## दुनिया भर में किरकिरी के बाद नाजी सैनिक की प्रशंसा के लिए ट्रूडो ने माफी मांगी

**ओट्टावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने नाजी सैनिक की प्रशंसा के लिए बुधवार को संसद में माफी मांगी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को जो कुछ हुआ उसके लिए बिना शर्त माफी मांगना चाहता हूं। वहां मौजूद हम सभी लोगों के लिए अनजाने में इस व्यक्ति को पहचानने में बड़ी गलती हुई। गौरतलब है कि हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर एंथोनी रोटा ने पिछले शुक्रवार को सदन में यारोस्लाव हंका को नायक करार दिया था। हालांकि मंगलवार को स्पीकर रोटा ने यह कहते हुए



सदन के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया कि पूरे मामले के लिए वह पूरी तरह जिम्मेदार हैं। दरअसल, पोलिश मूल का यूक्रेनी हुंका (98) ने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान हिटलर की युनिट में सेवाएं दी थी और बाद में वह कनाडा चले गए। इस पूरे प्रकरण को लेकर जस्टिन ट्रूडो सरकार की भारी किरकिरी हुई। क्रेमलिन ने कहा था कि पूरी कनाडाई संसद को सार्वजनिक रूप से नाजीवाद की निंदा करनी चाहिए।

## 28 लाख डॉलर की धोखाधड़ी में भारतीय नागरिक दोषी, स्वास्थ्य देखभाल में की धांधली

**न्यूयार्क।** अमेरिका के मिशिगन में एक भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की धोखाधड़ी का दोषी ठहराया गया है। भारतीय नागरिक पर आरोप है कि उसने स्वास्थ्य देखभाल में धांधली की और धांधली से मिले पैसों को धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के जरिए भारत स्थित अपने विभिन्न बैंक खातों में भेज दिया। कोर्ट दस्तावेजों के अनुसार, योगेश पंचोली (43 वर्षीय) अमेरिका के मिशिगन राज्य में श्रिंग होम केयर इंक नाम से एक स्वास्थ्य कंपनी का संचालन करता था, जिसका मालिकाना हक भी योगेश पंचोली के पास ही है। योगेश पर आरोप है कि बिलिंग मेडिकेयर से बाहर होने के बावजूद उसने फर्जी नामों, हस्ताक्षरों और पहचान छिपाकर दो महीने तक अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर करीब 28 लाख डॉलर का मेडिकेयर से भुगतान प्राप्त किया, जबकि इन बिलों के एवज में सेवाएं कभी भी नहीं दी गई। इसके बाद पंचोली ने इस फंड को मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए अपने भारत स्थित विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया। योगेश पंचोली पर ये भी आरोप है कि उसने अपने खिलाफ मुकदमा शुरू होने से एक दिन पहले विभिन्न संघीय जांच एजेंसियों को फर्जी ईमेल भी भेजे, जिनमें लिखा गया कि सरकारी गवाह ने कई अपराध किए हैं तो उसे अमेरिका में रहने की इजाजत नहीं है। योगेश ने गवाही ना होने के लिए यह चाल चली। हालांकि जांच में वह पकड़ा गया। मिशिगन के पूर्वी जिले की फेडरल ज्यूरी ने योगेश पंचोली को धोखाधड़ी करने और साजिश रचने के आरोप में दोषी ठहराया है। अब 10 जनवरी को योगेश को सजा सुनाई जाएगी।

## नेपाल के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ भूमि घोटाले में 15 दिनों के भीतर मुकदमा दायर करने का आदेश

**काठमांडू।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने चर्चित भूमि घोटाला मामले में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों-माधव कुमार नेपाल और डा. बाबूराम भट्टराई के खिलाफ 15 दिन के भीतर मुकदमा दायर करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की जांच के लिए गठित जांच आयोग को उसके रवैए को लेकर फटकार भी लगाई है।

ललिता निवास कांड के नाम से चर्चित इस भूमि घोटाले की जांच के लिए गठित अख्तियार दुरुपयोग अनुसंधान आयोग ने कोर्ट में दाखिल अपनी चार्जशीट में दोनों पूर्व प्रधानमंत्रियों को आरोपित नहीं बनाया है, बल्कि उनका नाम सरकारी गवाह के रूप में शामिल किया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि नीतिगत निर्णय में



सबसे महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करने वाले दोनों पूर्व प्रधानमंत्रियों को किस आधार पर क्लीनचीट दी गई है?

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विनोद शर्मा की सिंगल बेंच जांच आयोग द्वारा दाखिल चार्जशीट में दोनों पूर्व प्रधानमंत्रियों का नाम आरोपित के तौर पर शामिल नहीं किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही है। इस याचिका में कहा गया है कि ललिता निवास कांड एक सरकारी नीतिगत भ्रष्टाचार का मामला है जसमें पूरी सरकार शामिल थी। जिस घोटाले के लिए संबंधित मंत्रालय के ऊपर से नीचे तक के सभी कर्मचारियों को दोषी बनाया गया है, जिस घोटाले के लिए कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव ले जाने वाले मंत्रालय के सचिव, तत्कालीन चार मंत्री तक को आरोपी बनाया गया है, ऐसे में कैबिनेट से अंतिम निर्णय करने वाले प्रधानमंत्री का नाम चार्जशीट में क्यों शामिल नहीं किया गया?

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बोलीं रुचिरा कंबोज, भारत हमेशा अफगानों के समर्थन में आवाज उठाता रहेगा

**न्यूयॉर्क।** भारत ने अफगानिस्तान में शांति, स्थायित्व और मानवीय समर्थन को लेकर अपना दृढ़ संकल्प फिर दोहराया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत अफगानों के समर्थन में अपनी आवाज उठाता रहेगा।

अफगानिस्तान की स्थिति को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ब्रीफिंग में रुचिरा कंबोज ने बुधवार को अफगानिस्तान के लोगों के साथ भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों का हवाला देते हुए प्रकाश डाला। भारत के स्थायी मिशन की ओर से एक्स पर डाले पोस्ट में कहा गया कि स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा ने कहा, 'भारत की अफगानिस्तान को लेकर प्रतिबद्धता संयुक्त राष्ट्र की




एजेंसियों के सहयोग से शैक्षिक छात्रवृत्ति से झलकती है।' रुचिरा ने अपने संबोधन में कहा कि अफगानिस्तान हमारा स्थायी पड़ोसी और यहां लोग के हमारे मित्र हैं। अफगानिस्तान में शांति और स्थायित्व लौटने में भारत सीधे हितधारक है। उन्होंने यह भी कहा कि अफगानिस्तान के प्रति भारत का सामूहिक दृष्टिकोण सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2593 में व्यक्त किया गया है, जिसे काबुल के पतन और उसके बाद तालिबान के कब्जे के बाद 30 अगस्त, 2021 को अपनाया गया था।

## पाकिस्तान सरकार का बड़ा फैसला, वापस भेजे जाएंगे 11 लाख अफगान शरणार्थी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सरकार और अफगानिस्तान की सत्ता संभाले तालिबान के बीच बढ़ते मतभेदों की गाज पाकिस्तान में शरण पाए अफगान शरणार्थियों पर गिरने वाली है। पाकिस्तान सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए 11 लाख अफगान शरणार्थियों को वापस अफगानिस्तान भेजने का ऐलान किया है।पाकिस्तान में लगातार आतंकी घटनाएं बढ़ने और इसके लिए जिम्मेदार तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पर अंकुश के मसले पर पाकिस्तान सरकार और तालिबान के बीच मतभेद बढ़ गए हैं। हाल ही में अफगानिस्तान सीमा पर गोलीबारी के बाद पाकिस्तान की सेना ने तोर्खम सीमा को बंद करके कड़ा संदेश दिया है। अब पाकिस्तान की सरकार ने फैसला किया कि अफगानिस्तान से आए 11 लाख अफगान शरणार्थियों को वापस भेजा जाएगा। इस फैसले पर सख्ती से अमल की बात कही गई है। अफगानिस्तान को लेकर पाकिस्तानी नीति में बड़ा बदलाव करते हुए पाकिस्तान ने दावा किया है कि ये अफगानी अवैध रूप से उनके देश में रह रहे हैं। बताया गया कि अफगानिस्तान में अगस्त 2021 में तालिबान सरकार के आने के बाद चार लाख अफगानी पाकिस्तान में अवैध रूप से घुसे हैं। इनके अलावा सात लाख ऐसे अफगानियों की पहचान हुई है, जो



पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे हैं। इन 11 लाख अफगानी शरणार्थियों के पास न तो वीजा है और न ही पाकिस्तान में रुकने के लिए वैध दस्तावेज हैं। पाकिस्तानी कैबिनेट ने इन अफगानियों को वापस भेजने के लिए अधिकारियों को व्यवस्था करने का आदेश दिया है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को पाकिस्तान के इस फैसले के बारे में बता दिया गया है।

## तीन तलाक की मान्यता को सुप्रीम कोर्ट ने किया रद्द, सम्बन्ध विच्छेद के लिए मुसलमानों को विशेषाधिकार नहीं

**काठमांडू।** नेपाल के सुप्रीम

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

तलाक के आधार पर दूसरी शादी की छूट नहीं है। अदालत ने सभी




धर्मों और धार्मिक आस्था को मानने वाले पुरुषों के लिए समान कानून लागू होने की बात कही है।

तलाक के बाद दूसरी शादी की मान्यता को लेकर काठमांडू के रहने वाले मुनव्वर हसन के खिलाफ उनकी पहली पत्नी साविया तनवीर हसन द्वारा दायर रिट पर निचली अदालतों के फैसले में सुधार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तलाक और बहुविवाह में अन्तर होने की बात स्पष्ट कर दी है। कोर्ट ने कहा कि बहुविवाह करना नेपाल में कानूनन जुर्म है और इस्लामिक मान्यताओं के आधार पर तलाक के बाद होने वाला निकाह बहुविवाह ही माना जाएगा। अदालत ने कहा कि कुरान में महिलाओं के साथ भेदभाव करने और पुरुषों को विशेषाधिकार देने की बात कहीं नहीं लिखी है इसलिए तीन तलाक का प्रसंग ही गलत है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तीन तलाक को लेकर दिए गए फैसले का जिक्र करते हुए नेपाल की सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत की उच्चतम न्यायालय ने भी तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित कर दिया। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने 'तलाक-ए-बिद्दत' के मुद्दे को एक आपराधिक कृत्य माना है और इसे अवैध घोषित कर दिया है।

## पाकिस्तान में रॉकेट लॉन्चर का गोला फटने से पांच बच्चों समेत आठ की मौत

**इस्लामाबाद।** पूरी दुनिया के आतंकियों की पनाहगाह बना पाकिस्तान अब इसी वजह से मुसीबतों में घिरता जा रहा है। अब रॉकेट लॉन्चर में लगाया जाने वाला गोला (शेल) फटने से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गयी। बच्चे उस रॉकेट शेल से खेल रहे थे और वह पूरे परिवार के लिए जानलेवा साबित हो गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के सिंध प्रांत के काशमोर जिले की कंधकोट तहसील के जांगी सुब्जवाई गोथ गांव के एक घर में दोपहर तेज धमाका होने से एक ही परिवार के पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। काशमोर-कंधकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहिल खोसा ने बताया कि बच्चे गांव के मैदान में खेल रहे थे, तभी उन्हें एक रॉकेट शेल मिला, जिसे वे



खिलौना समझकर घर ले गए। घर में बच्चे उससे खेल रहे थे, तभी वह फट गया। धमाके में परिवार के पांच बच्चों, दो महिलाओं और एक पुरुष सहित आठ लोगों की जान चली गई। कुछ लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है और आगे की जांच चल रही है। कंधकोट सिविल अस्पताल में आपात स्थिति घोषित कर दी गई है। सिंध के मुख्यमंत्री न्यायमूर्ति मकबूल बकर ने प्रांत के पुलिस महानिरीक्षक से इस मामले की रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में बताया जाए कि प्रांत के काशमोर जिले की कंधकोट तहसील के जांगी सुब्जवाई गोथ गांव में एक रॉकेट लॉन्चर कैसे पहुंचा।

उन्होंने पूछा है कि क्या कच्चे इलाकों में तस्करी कर लाए जा रहे हथियारों का कोई जखीरा था? क्या गोथ गांव में डकैतों को समर्थन करने वाले लोग मौजूद हैं? घटना पर दुख व्यक्त करते हुए बकर ने महानिरीक्षक को घटना की विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।